मरुधर का महाविकसित

श्री भाण्डवपुर तीर्थ

Bhandvpur TAB

संकलन : मुनि आनन्द विजय



पुण्यसम्राट श्री जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा. के पट्टधर,
योगिराज श्री शान्तिविजयजी म.सा. के सुशिष्य रत्न
भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक

आ.श्री जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा. के

५० वें दीक्षा दिन

(वि.सं.2080, पोष सुद-6, दि. 16-1-2024)

के उपलक्ष में

सादर समर्पित

॥ भाण्डवपुर तीर्थाधिपति श्री वर्धमानस्वामिने नमः ॥
॥ विश्वपूज्य प्रभुश्री राजेन्द्र-धनचन्द्र-भूपेन्द्र-यतीन्द्र-विद्याचन्द्र-जयन्तसेनसूरीश्वर गुरुभ्यो नमः ॥
॥ कृपासिंधु योगिराज श्री शान्तिविजय गुरुभ्यो नमः ॥

मरुधर का महाविकसित
श्री भाण्डवपुर तीर्थ तब

: संकलन कर्ता :
मुनि आनन्द विजय

: द्रव्य सहायक :
श्री महावीर जैन श्वेताम्बर पेढी ट्रस्ट
श्री वर्धमान राजेन्द्र जैन भाग्योदय (ट्रस्ट) संघ
भाण्डवपुर तीर्थ, वाया-सायला, जिला जालोर (राज.) ३४३०२२

प्रकाशन : यतीन्द्र वाणी प्रकाशन, मोटेरा, अहमदाबाद (गुज.)

कृति

मरुधर का महाविकसित श्री भाण्डवपुर तीर्थ अब

दिव्याशीष

प.पू. पुण्यसम्राट श्री जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा.
प.पू. तपसम्राट श्री शान्ति विजयजी म.सा.

आशीर्वाद

धर्मदिवाकर गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा.
भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक आचार्यदेव श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वरजी म.सा.

संकलनकर्ता

मुनि आनन्द विजय

संपादक

कुलदीप 'प्रियदर्शी' उदयपुर

छायांकन

'श्री नाकोडा स्टुडिओ' रघुनन्दन पारीक– भीनमाल

प्रकाशक

यतीन्द्र वाणी प्रकाशन – मोटेरा – अहमदाबाद

द्रव्य सहायक

श्री महावीर जैन श्वे. पेढी ट्रस्ट, भाण्डवपुर तीर्थ, जिला–जालौर (राज.)

प्रकाशन संवत्

विक्रम सं. 2080, कार्तिक पूनम, 27–11–2023

प्रतियाँ

4000

मूल्य

सद्वाँचन

प्रकाशन स्मृति

श्री तत्त्वत्रयी प्रतिष्ठोत्सव 19 फरवरी–2024

मुद्रक

जैनम् ग्राफिक्स – अहमदाबाद

श्री वीरचैत्य प्रतिष्ठोत्सव से साभार

अतिप्राचीन श्री भाण्डवपुर तीर्थ

लेखक : मुनि विद्याविजयजी (आचार्यश्री विद्याचन्द्रसूरीश्वरजी)

१. भांडवाजी का संक्षिप्त इतिहास

ग्रंथ समान सुतीर्थ हैं, जिनप्रतिमा जिनदेव ।
फल अनुसारी भाव के, विकथन मिथ्या ऐव ।।

मारवाड़ में जोधपुर से रानीवाड़ा जाने वाली रेल्वे के मोदरा-रोड़ स्टेशन से २२ मील दूर उत्तर-पश्चिम कोण में चारों ओर रेगिस्तान से घिरा हुआ 'भांडवा' नाम का छोटा ग्राम है । यहाँ पर राजपूत, कणबी, वजीर, भील आदि काश्तकार जातियों के लगभग २०० घर आबाद है । गाँव चारों तरफ सघन झाड़ी से परिवेष्टित है । इसको विक्रमीय तीसरी-चौथी शताब्दी के मध्यकाल में जाबाली (जालोर) के निवासी परमार भाण्डूसिंहजी ने बसाकर इस पर शासन किया था । उनके वंशजों का कई पीढ़ी तक अधिकार रहा । संसार में किसी भी सत्ता समान रूप से सदा के लिए नहीं रहती। उनका परिवर्तन होना स्वाभाविक है । इसी से शास्त्रकार महर्षियों का कहना है कि संसारगत प्रत्येक पदार्थ परिवर्तनशील है ।

इसी कुदरती नियम के अनुसार विक्रम सं. १३२२ में बाबतरा गाँव वाले दईया राजपूत बुहेड़सिंह ने परमारों को भगा कर भांडवा पर अपना अधिकार जमा कर उसका शासन किया । धीरे-धीरे इसके चारों ओर के गाँवों पर दईयों का अधिकार हो गया । इससे इस प्रान्त का नाम दयावट (दईयावट) पट्टी हो गया । इस पट्टी के दो विभाग हैं-एक उल्ली पट्टी और दूसरी पल्ली पट्टी । अर्थात् उल्ली (इस तरफ की) और पल्ली (उस तरफ की) पट्टी । दोनों पट्टियों में चौबीस-चौबीस गाँव हैं-जिनमें छोटे और बड़े दोनों प्रकार के गाँव शामिल हैं ।

बाद में इन पट्टियों पर जोधपुर के राठौर (राष्ट्रकूट) राजाओं का अधिकार हो गया । जोधपुर महाराजा रामसिंहजी ने लुम्बाजी दईया का अधिकार छीन कर विक्रम सं. १८०७ भाद्रवा सुदि ५ के दिन आणा गाँव के ठाकुर मालमसिंह भाटी को भांडवा गाँव अर्पण कर दिया । तत्पश्चात् सं. १८६४ भाद्रवा सुदि १५ के रोज जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी ने भांडवा का आधा हिस्सा खालसा कर, आधा हिस्सा ठाकुर राजसिंह भाटी को इनायत कर दिया । राजसिंह भाटी के वंशज क्रमशः सिरदारसिंह, सुमेरसिंह, भगवानसिंह हुए । वर्तमान में ठाकुर भगवानसिंहजी हैं जो बड़े मिलनशील और सत्संग-प्रेमी हैं। ठाकुर साहब के छोटे भाई हिम्मतसिंहजी भाटी और सोहनसिंहजी दईया ये दोनों व्यक्ति भी बड़े दिलावर, सत्संगी और जनता की सेवा में दिलचस्पी रखने वाले हैं ।

२. भांडवाजी में श्री वीरतीर्थ की स्थापना

विक्रम की सातवीं शताब्दी में दियावट पट्टी प्रान्त में 'बेसाला' नामक अच्छा कस्बा था। जिसमें हजारों घर आबाद थे। इसमें श्वेताम्बर जैन बीसा ओसवालों के भी सैंकड़ों घर बसते थे जो जन-धन से अच्छे समृद्ध थे। उन्होंने बेसाला में एक भव्य, विशाल और सौधशिखरी जिनमन्दिर निर्माण कराकर संवत् ८१३ मार्गशीर्ष शुक्ला ६ सोमवार के दिन भारी उत्सव से श्री महावीरप्रभु की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई और उनको जिनालय में विराजमान कीये। प्राणप्रतिष्ठाकारक आचार्य कौन और किस गच्छ के हैं- इसका प्रमाणदर्शक वीरप्रभु की प्रतिमा पर या कोई शिला-लेख नहीं है। सिर्फ जिनालय के एक स्तम्भ पर 'सं. ८१३ श्रीमहावीर' इतना लेख उत्कीर्ण है, उसी के आधार से उक्त बात लिखी जा सकी है।

प्रतिष्ठा होने के बाद कालान्तर में बेसाला नगर पर मेमन धाडेतियों की धाड़ों पर धाड़ें पड़ना आरम्भ हुई। जिससे लोग अपनी जान-माल की रक्षा के निमित्त नगर छोड़कर इधर-उधर जा कर बस गये और सारा नगर वीरान हो गया। मेमन धाड़ेतियों ने जिनालय को भी तोड़कर उसको भूमिशायी (आज भी इस जिनालय के कोरणी और बिना कोरणी के घाटदार पत्थर यहाँ बिखरे हुए पड़े हैं। कतिपय पत्थर शंकर का देवल बनाने और कतिपय पत्थर कुओं के बन्धाने के काम में लिए गये हैं।) कर दिया। भाग्ययोग से प्रभुप्रतिमा खंडित नहीं हो सकी, उसको समीपवर्ती कोमता ग्रामवासी संघवी-कुटुम्ब के पालजी आदि जैन लेने के लिए बेसाला में आये। उन्होंने श्री वीरप्रतिमा को बैलगाड़ी में विराजमान कर उनको कोमता की ओर लेकर चले, परन्तु लाख प्रयत्न करने पर भी गाड़ा कोमता के तरफ नहीं गया। गाड़ा बेसाला से रवाने होकर पोणा और मेंगलवा गाँव होकर भांडवा गाँव आकर रूक गया, किसी तरह आगे नहीं मुड़ा। रात्रि में पिछले पहर में संघवी पालजी को स्वप्न आया कि मैं यही पर रहना चाहता हूँ, अतः यहीं मन्दिर बनवा कर उसमें मेरी प्रतिमा को विराजमान कर दो, इसी में तुम्हारा भला है और प्रतिवर्ष मेरी यात्रा करते रहो, तुम्हारे लिए यही जन-धन वृद्धि का कारण है।

प्रातःकाल होते ही पालजी ने अपने कुटुम्बियों से स्वप्न सम्बन्धी सारी हकीकत कह सुनाई। संघवी-कुटुम्बियों ने एकमत हो विक्रम सं. १०९५ में शुभमुहूर्त में ऊँची कुर्सी पर शिखरबद्ध मन्दिर बनवाना प्रारम्भ किया। वह बनकर तैयार हुआ कि विक्रम सं. १२३३ माह सुदि ५ गुरुवार के दिन प्रतिष्ठा विधिपूर्वक शुभलग्नांश में भगवान श्री महावीरस्वामी की प्रभावशाली प्राचीन प्रतिमाजी को गादीनसीन की और स्वर्णदंडध्वज एवं कलश आरोपण किये। भांडवाजी तीर्थ के मन्दिर पर कोमता वाले संघवियों की ओर से प्रतिवर्ष ध्वजा आज दिन तक चढ़ाई जाती है। इस मन्दिर का निर्माण सम्बन्धी एक लेख मंडप के एक स्तम्भ पर भी उत्कीर्ण था, अभी उस पर रंगीन चीनीलादियाँ लगा दी गई है, वह किस स्तम्भ पर था, इसका भी किसी को पता नहीं है।



३. तीर्थपति महावीरजी के प्रति अजैनों की श्रद्धा

भांडवा में तीर्थ स्थापना काल से ही तीर्थपति श्री महावीरप्रभु के प्रति यहाँ के समस्त ग्रामवासी अजैन जाति वाले स्त्री-पुरूषों की श्रद्धा एवं भक्ति अपूर्व, अनुकरणीय और सराहनीय है। प्रत्येक सांसारिक कार्यों के अवसर पर अजैन जनता में महावीर प्रभु का ही स्मरण, पूजा और मान्यता की जाती है। तीर्थ स्थापना काल से ही अजैनों में सर्वानुमत से यह मर्यादा प्रचलित है-

१. नव विवाहित वर-वधू सर्व प्रथम श्री महावीरजी के मन्दिर में जाकर, उनके दर्शन कर और यथाशक्ति भेंट चढ़ाकर के फिर अपने घर जाते हैं और छेड़ा छोड़ते हैं।

२. नव प्रसूता गौ अथवा भैंस का दूध, दही, घी जब खाने-पीने योग्य समझा जाता है, सर्वप्रथम तीर्थाधिराज महावीर प्रभु के भण्डार में अर्पण किया जाता है।

३. प्रत्येक राष्ट्रीय एवं प्रमुख त्यौहारों के अवसर पर स्त्री-पुरुष जिनालय के समक्ष श्रद्धा एवं प्रेम से विविध नृत्य और भक्ति भाव के प्रदर्शन करते कराते हैं।

४. तीर्थ की यात्रा के लिए जब कोई प्रसिद्ध जैनाचार्य भांडवपुर में आते हैं, तब उस दिन सारे गाँव में अगता पलता है और कृषि आदि काम-धंधे बन्द रहते हैं।

५. तीर्थ के चारों ओर लगभग एक मील तक जो घना जंगल खड़ा है वह तीर्थ की सम्पत्ति है। कोई भी व्यक्ति इस जंगल की क्षुद्रतम लकड़ी भी काटकर अपने घर लाना महापाप समझता है। अगर कोई काट लाता है तो यहाँ की पंचायत जितना उचित समझती है, अन्न के रूप में उस पर दण्ड करती है और वह अन्न कबूतरों के भण्डार में दिया जाता है।

६. तीर्थ की सीमा चारों ओर एक-एक कोस तक निर्धारित है उसमें कोई भी व्यक्ति आखेट (शिकार) नहीं खेल सकता। इसलिए ग्राम पंचायत की तरफ से पूरी देखरेख रहती है।

४. यात्रियों की सुविधा के लिए धर्मशाला

तीर्थपति के मन्दिर के सामने एक विशाल जैन धर्मशाला है। जिसमें इकसठ ६१ कोठरियाँ हैं और इनमें ५००० हजार यात्री अति सुख -सुविधा से ठहर सकते हैं। धर्मशाला जिनालय के ऊँचे चत्वर (कुर्सी) से नीचे तीन दिशाओं में मध्य में विशाल आँगन रखकर बनी हुई है। धर्मशाला के आँगन में मैदान काफी है, उसमें एक ओर उत्तर-पश्चिम कोण में एक कुआ भी है जिसका जल पेय और पाचक है। इस प्रकार इसमें यात्रियों के लिए पूरी-पूरी सुविधाएँ विद्यमान है। परकोट के उत्तर में बाहर की ओर कोट से लगोलग भूमि जो अंदाजन बीस हजार वर्गफीट है, तीर्थ की पेढ़ी ने खरीद कर ली है। परकोट का मुख्य द्वार दक्षिण दिशा में बना हुआ है और नई खरीदी हुई भूमि में भी एक बड़ी खिड़की खुली हुई है। इसमें धर्मशाला बनने का काम अभी बाकी है।

जिनालय से दक्षिण में लगोलग एक छोटी प्राचीन धर्मशाला भी है जो दुमंजली है और एक पूर्वाभिमुख है। इसकी प्रतोली (पोल) में एक तरफ श्रीमहावीर जैन पेढ़ी का कारखाना है। पेढ़ी में दो मुनीम और चार-पाँच नौकर हैं जो यात्रियों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होने देते। पेढ़ी में बरतन, गोदड़े, राली आदि की सराहनीय व्यवस्था है और साथ ही मोदीखाना और भोजनालय की भी योग्य सुविधा है, जिसमें रसोई के योग्य सामान एवं भोजन की व्यवस्था यात्रियों के लिए उचित मूल्य लेकर करा दी जाती है जिससे यात्रियों को अपना पूजन-पाठ करने में बिल्कुल अन्तराय नहीं पड़ता। भांडवाजी गाँव में ताजा दूध, दही, घी चाहिए जितना और अन्य गाँवों की अपेक्षा से सस्ता मिलता है।

५. भांडवाजी तीर्थ का जीर्णोद्धार

यहाँ के सौधशिखर जिनालय का प्रथम जीर्णोद्धार विक्रम सं. १३५१ में और दूसरा सं. १६४४ में दियावट पट्टी के श्वेताम्बर जैन श्रीसंघ के तरफ से कराया गया था, फिर भी जीर्णोद्धार कराने की आवश्यकता उपस्थित हुई।

चर्चाचक्रवर्ती श्रीमद् विजय धनचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. की प्रेरणा से वि.सं. १९७७ में श्री दियावट पट्टी जैन श्वे. संघ ने जिर्णोद्धार हेतु चन्दा ईकट्ठा किया।

वि.सं. १९८५ माघ शुक्ला दशमी को आचार्य विजय भूपेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. के कर कमलों से श्री महावीरजी मन्दिर पर ध्वजा, दण्ड, कलश प्रतिष्ठा की गई।

व्याख्यान-वाचस्पति वयोवृद्ध आचार्यदेव श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी महाराज की तत्वावधानता में सं. १९८८ में इस पवित्र तीर्थ का तीसरा जीर्णोद्धार प्रारम्भ हुआ। देश अर परदेश के श्वेताम्बर जैन संघ प्रदत्त द्रव्य-सहायता से

अति स्वल्पकाल में आरसोपल के श्वेत प्रस्तर से मूल शिखर, गूढ़मण्डप आदि का सारा काम सम्पन्न हो गया और साथ ही जिनालय के चारों बाजू के कोनों पर शिखरबद्ध देवकुलिकाएँ मूल जिनालय के पीछे घूमटदार तीन और मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों बाजू दो छत्रियाँ आरसोपल से बनकर तैयार हो गई। ये देवकुलिका आदि अलग-अलग गाँवों के सद्गृहस्थों की तरफ से बनी है जिनके नाम के शिलालेख इस प्रकार लगे हुए हैं-

देवकुलिका नं. एक- 'सिंगी-संघवी जानुजीरे वतुबाई सुन्दरवास कोमता वालारे तरफ सुं संवत् २००६ रा महा वदि ५ वार सोम।'

देवकुलिका नं. दूसरी-'शा. मानिगजी समरथाजी मादाजी ओत वास रेवतड़ा वालारे तरफ सुं. संवत् २००६ रा महा वदि ५ वार सोम।'

देवकुलिका नं. तीसरी-'मुता वरदाजी पूनमचन्द छोगालाल बेटा सुरताजी ओत वास सायला वालारे तरफ सुं. संवत् २००६ रा महा वदि ५ वार सोम।'

देवकुलिका नं. चौथी-'शा. सुरताजी केसाजी भेरूमलजी बेटा चेनाजी ओत वास पांथेड़ी वालारे तरफ सुं. संवत् २००६ रा महा वदि ५ वार सोम।'

तीन घूमटवाली छत्री -'शाहजी अचलराजजी धनराजजी व गुमानमलजी जुगराजजी भोमराजजी ओत वास पांथेड़ी वालारे तरफ सुं. हस्ते अचलराजजी संवत् २००६ रा महा वदि ५ वार सोम।'

गुरुछत्री नं. एक- शा. रखबदासजी जावन्तराजजी सरेमलजी मिश्रीमलजी भबुतमलजी बेटा माणकचंदजी ओत वास आहोर वालारे तरफ सुं. संवत् २००६ रा महा वदि ५ वार सोम।'

गुरुछत्री नं. दूसरी - 'भंडारी वदाजी उमेदाजी भूरा जी भबूतमलजी बेटा हांसाजी ओत साहेला वालारे तरफ सुं. संवत् २००६ रा महा वदि ५ वार सोम।'

६. वीरप्रभु के जन्मकल्याणक का मेला

भांडवपुर में तीर्थ-स्थापना के बाद दियावटपट्टी के श्वेताम्बर जैनों ने एकत्र होकर सर्वानुमत से वीरप्रभु के जन्मकल्याणक के निमित्त हर साल चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन मेला भरना नियत किया था। उसी नियम के अनुसार भांडवजी में प्रतिवर्ष चैत्री मेला अच्छा भरता है और यह चैत्र शुदि १३ से १५ तक रहता है। इसमें ५ से ९ हजार तक स्त्री-पुरुष आकर यात्रा का लाभ लेते हैं। इस शुभावसर पर धर्मप्रेमी भावुक सद्गृहस्थ नवकारसियाँ करने अथवा भाता बाँटने का भी लाभ प्राप्त करते हैं।

विक्रमाब्द २०१० का चैत्री मेला सियाना (मारवाड़) निवासी वृद्धशाखीय ओसवाल जैन गाँधीमुथा शा. अचलचन्द दलीचन्द फूलचन्द कान्तिलाल जबरचन्द शान्तिलाल बेटा पोता भगाजी तथा मीठालाल भगाजी ने न्योंतरा और मुद्रित श्रीसंघ-आमंत्रण-पत्रिका द्वारा उसकी सर्वत्र सूचना दे दी। फिर बागरा जाकर आचार्यदेव श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी महाराज की सेवा में अत्याग्रह भरी विनती की कि मैंने भांडवाजी तीर्थ के मेला का निमन्त्रण दिया है, उस मौके पर आपके पधारने से मेला की दुगुनी शोभा होगी और कई भावुकों को आपके दर्शनों का लाभ मिलेगा। यह एक पंथ दो काज सिद्ध होने जैसा सुकर्म सम्पन्न होगा, अत: वहाँ पधारने की महरबानी कीजिये। अचलाजी दलीचन्द का अति आग्रह देखकर उनकी अरजी मान्य कर ली और बागरा से मुनिश्री लक्ष्मीविजयजी, विद्याविजयजी, सागरानन्दविजयजी, चारित्रविजयजी, कान्तिविजयजी, सौभागविजयजी, शान्तिविजयजी, देवेन्द्रविजयजी, रसिकविजयजी आदि शिष्य परिवार के सहित विहार करके मार्ग के गाँवों में विश्राम लेते हुए चैत्र शुक्ला १० को प्रात:काल नौ बजे भांडवाजी पधार गये और तीर्थाधिपति श्री महावीरप्रभु की यात्रा कर आनन्द विश्राम लिया।

भांडवपुर में आचार्यदेव का आगमन सुनकर ढंढार पट्टी दियावट पट्टी और चौहान पट्टी आदि के गाँवों से अनेक श्रावक, श्राविका भाण्डवाजी में उपस्थित हुए और उन्होंने तीर्थ-दर्शन एवं गुरुदर्शन का शुभ लाभ लिया। इस मेला पर लगभग ८ हजार जनता थी और थराद का 'श्रीयतीन्द्र जैन बैण्ड युवक मण्डल' भी दर्शनार्थ हाजिर हुआ था। बैण्ड की युवक पार्टी ने मनोरंजक बैण्ड बजाकर उपस्थित जनता का चित्ताकर्षण किया और यशवाद लिया। श्रीयुत् गाँधीमुथा अचलचन्दजी ने भी सब जनता की प्रीतिभोजनादि से सराहनीय सेवा की जिससे सारी पट्टी में उनका यशवाद फैल गया। इस प्रकार मेला कार्य बड़े आनन्द के साथ सम्पन्न हो गया।

७. प्रतिष्ठा कराने का आयोजन

मेला कार्य निपट जाने के बाद उल्ली-दियावट पट्टी के चौबीस ग्रामों के जैन पंचों की जाजम हुई। समस्त पंचों ने प्रतिष्ठा कराने के लिए विचारणा आरम्भ की कि मन्दिरजी का सम्पूर्ण जीर्णोद्धार हो चुका है और यहाँ पर आचार्यदेव भी पधारे हुए हैं यह एक सुवर्ण अवसर है। अत: इस सुअवसर को कार्यरूप में परिणत कर लेना अच्छा है। इस प्रकार विचार-विनिमय होकर सर्वानुमत से यह प्रस्ताव निश्चित हुआ कि सर्वप्रथम प्रतिष्ठा का अच्छा मुहूर्त्त आता है या नहीं- इसके लिए आचार्यदेवश्री की सेवा में चलकर निर्णय कराओ। बस, सभी पंच आचार्यदेवश्री के समीप हाजिर हो, वन्दनापूर्वक अर्ज करने लगे कि मन्दिरजी के सारे विभागों का जीर्णोद्धार सम्पूर्ण हो चुका है और दिन विषम आते जा रहे हैं, इसलिए अगर अच्छा मुहूर्त्त आ जाये तो हमको प्रतिष्ठा करा लेना है, कृपा करके आपश्री अच्छा से अच्छा मुहूर्त्त दीजिए।

पंचों की अत्याग्रह भरी विनती से आचार्यदेव ने ज्योतिषियों को एकत्रित कर उनसे श्रेष्ठ मुहूर्त्त निकला कर और उसकी अच्छी तरह जाँच-परताल कर मुहूर्त्त पत्र लिखवाया जो इस प्रकार है :-

८. मुहूर्त लग्न पत्रिका

तीर्थपति श्रीमहावीरजिनेश्वरेभ्यो नम:। सर्वलब्धिनिधानाय श्री गौतमस्वामिने नम:। श्री ऋद्धिवृद्धिर्विजयमंगलाभ्युदयश्च। श्री विक्रमीय २०१० वत्सरे शालिवाहन १८७५ शकवर्षे मासोत्तम ज्येष्ठमासे १० तिथौ चन्द्रवासरे घटी ५/४, चित्रानक्षत्रो परान्तस्वातिनक्षत्रे घटी ७/२७,

परिघयोगोपरान्त-शिवयोगे घटी ०/५४ गरकर्णे घटी ५/४, एवं पंचागशुद्धावत्र दिने सूर्योदयादिष्टघटी ११/४१ दिनमानघटी ३४/१५ रात्रिमानघटी २५/४५ सिंहलग्नवहमायां श्री भांडवपुरतीर्थ श्री वीरजिनचैत्ये स्वर्णकलश-दण्डध्वज समारोपणबिम्बप्रतिष्ठा-मुहूर्त श्रेष्ठतममिति।

श्री लग्नकुण्डली चक्रम



श्री नवांशलग्नकुण्डली चक्रम



मुहूर्त्त-पत्रिका पंचों को भेंट की उन्होंने उसको सादर स्वीकृत करके सिर पर चढ़ाई और मांगलिक के निमित्त गुड़-धना बाँटे फिर जयनाद करते हुए सब पंच अपने अपने उतारे पर गये। सारे भांडवपुर की सारी जनता में इस कारण से भारी आनन्द छा गया और वायुवेग के समान यह समाचार कर्णोपकर्ण से चारों ओर जैन संघ में पहुँच गये जिससे सब लोग आनन्दित हुए।

९. प्रतिष्ठा कार्यकारिणी समिति तथा पसमितियाँ

मध्यान्ह समय पुनः समस्त पंचों की जाजम हुई। उस पर पंचों ने एकत्रित होकर प्रतिष्ठा कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न होने के लिए सर्वानुमत से कार्यकारिणी समिति कायम की। इसके मुख्य मेम्बर कोमता वाले, शा. हजारीमलजी, जवानजी, शा. तेजाजी कपूरजी देता वाले, शा. पुखराज रूपाजी, पांथेड़ी वाले शा. अचलदासजी, शा. भेराजी केसाजी, दाधाल वाले शा. समरथाजी फोजाजी, शा. केवलजी ऊकाजी, मेंगलवा वाले शा. माणकचन्द



आंबाजी, पोसाणा वाले शा. पूनमचन्दजी अनाजी, शा. हंजाजी मूलाजी, सुराणा वाले शा. केसाजी कुम्भाजी, शा. रूपाजी जेरूपजी, शा. पुखराज पीथाजी, जीवाणा वाले शा. मुता हरकाजी फोजाजी, शा. सवजी धुड़ाजी, शा. सांकलाजी जुहाराजी, तलोड़ा वाले शा. मोतीजी रदाजी, शा. पारसमल टीलाजी, ऊनड़ी वाले शा. सांकलाजी जवानजी, शा. मुलतानजी राजींगजी सीराणा वाले शा. लालाजी वीताजी तथा हरमु वाले शा. जुटाजी अखाजी कायम हुए। इन्होंने अपनी सहूलियत के लिये अलग-अलग नीचे मुताबिक उपसमितियाँ बनाकर उनके द्वारा प्रतिष्ठा कार्य कराया।

१. हिसाब-रक्षण-समिति- इसके मेंबर पांथेड़ी वाले शाहजी अचलदासजी तथा दाधाल वाले समरथमलजी कायम हुए। प्रतिष्ठा में आय व्यय का विगत वार हिसाब लिखना और आवश्यकतानुसार रकम की पूर्ति करना, उसमें कमी नहीं होने देना इनके सुप्रत किया गया।

२. मंदिर संभालन समिति- इसके मेंबर मेंगलवा वाले शा. माणकजी वेनाजी, पोसणा वाले शा. सोनाजी तीकमजी, सुराणा वाले शा. मेघाजी आदाजी, जीवाणा वाले मुता हरकाजी फोजाजी कायम हुए। मंदिर का रिपेरिंग, सोना के कलश ५ मकराणी सफेद पत्थर के कलश और दंड ध्वज तैयार कराके मंगाने का काम इनके सुप्रत किया गया।

३. भोजन प्रबंधकरण समिति- इसके मेंबर मेंगलवा वाले शा. हीराजी रणछोड़जी, शा. हंजाजी खीमाजी, दाधाल वाले शा. दरगाजी फोजाजी, शा. चतराजी पूनमजी, सुराणा वाले शा. समरथमलजी छोगाजी, शा. पुखराजजी पीथाजी कायम हुए। भोजन योग्य सभी सामग्री और इंधन मंगाकर संग्रह रखने का काम इनके सुप्रत किया गया।

४. वरघोड़ा निष्कासन समिति- दाधाल वाले शा. हीमताजी पेमाजी, मेंगलवा वाले शा. पुखराजजी खुमाजी, शा. चुनाजी हीराजी और जीवाणा वाले शा. सवाजी धुड़ाजी इसके मेम्बर कायम हुए। समय-समय पर प्रतिष्ठा में साजबाज के साथ वरघोड़ा निकलवाना, उसके लिए हाथी, घोड़े, रथ, बैंड आदि सब सामग्री मंगाना और चढ़ावा बोलाना कार्य इनको सौंपा गया।

५. प्रतिष्ठा योग्य सामग्री आनयन समिति- इसके सुराणा वाले शा. तपाजी जेरूपजी, कोमता वाले शा. हंजाजी जवानजी, पांथेड़ी वाले शा. शाहजी जुगराजजी, तलोड़ा वाले शा. पारसमलजी टीलाजी मेम्बर कायम हुए। प्रतिष्ठा में पूजा योग्य औषधादि सामग्री लाकर मंगल घर में संग्रह कर रखने का काम इनके सुपुर्द किया गया।

६. परमिट (इजाजत) लाने की समिति- इसके मेम्बर पोसणा वाले शा. सरदारजी परतापजी कायम हुए। इनको जयपुर जाकर राज्य से परमिट लाने का कार्य सौंपा गया।

७. जनता जान माल रक्षण समिति- इसके मेम्बर मेंगलवा वाले शा. हरकाजी लादाजी, शा. हंजाजी भावाजी, जीवाणा वाले शा. सांकलजी जुहाराजी कायम हुए। चौकी बैठाना, पुलिस का इंतजाम करना और पट्टा का प्रबन्ध भी कराने का काम इनके सुपुर्द किया गया।

८. निरीक्षकों के लिए उतारा समिति- इसके मेम्बर मेंगलवा वाले भण्डारी आसाजी मगनाजी और हेमाजी ऊँकारजी कायम हुए। ठहरने के लिए मकानादि स्थान की व्यवस्था करना, रोशनी का प्रबन्ध और लोगों की रक्षा का इंतजाम करना-कराने का कार्य इनको सौंपा गया।

९. मंडप निर्माण समिति- इसके मेंबर मुता सांकलजी को कायम करके उनको प्रतिष्ठा मंडप तैयार कराने का काम सौंपा गया।

१०. इन्द्र-इन्द्राणीकरण समिति- दाधाल वाले शा. केवाजी, ऊकाजी तथा सुराणा वाले शा. छगनजी सरदारजी इसके मेम्बर कायम हुए और महोत्सवारम्भ के दिन से कायम स्नात्रियों एवं स्नात्रिणियाँ तैयार रखने तथा उनके खाने, पीने और नहाने के लिए गरम जल तैयार कराने का प्रबन्ध कार्य इनको सौंपा गया।

११. रोशनी प्रबन्धकारापण समिति- पोसाणा वाले शा. पूनमजी अनाजी और ऊनड़ी वाले शा. हीमताजी करताजी इसके ये मेम्बर कायम हुए। प्रतिष्ठा मण्डप में पट्टा (भोजनालय) में, धर्मशाला आदि में बिजली की बत्तियों का एवं किट्सन लाईट का सर्वत्र यथावत् प्रबन्ध कराने का काम इनको सौंपा गया।

इस प्रकार उपसमितियों की रचना, उनके मेम्बर और उनमें कार्यों का बँटवारा कायम होने बाद पंच अपने-अपने उतारा पर गये। मेम्बर अपने-अपने सुप्रत हुए कार्यों को सम्पन्न करने में जुट गये।

१०. वानोला और नवकारसियों के चढ़ावे

वानोला और नवकारसियों के चढ़ावा बोलने के लिए शुभ वेला में पंचों की जाजम प्रथम वैशाख शुक्ल १४ के रोज हुई। सब पंचों ने घंटा भर परस्पर वार्तालाप करके चढ़ावा बोलने का आदेश दिया। इस समय पर उल्ली दियावटपट्टी के २४ गाँवों का सारा श्वेताम्बर जैन संघ उपस्थित हुआ। चढ़ावे बोलना शुरू हुए। जिन सद्गृहस्थ धर्मप्रेमियों ने चढ़ावे लिये, उनकी लिस्ट इस प्रकार है-

शा. हेमाजी वेजराजजी मिसरीमलजी गेबचन्द जुगराज बेटा पोतारा खीमाजी ओत वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं नवकारसी बड़ी, मिति जेठ सुदि १० वार सोम।

संकलेचा शा. सागरमलजी ताराचन्दजी नेणमलजी गुणेशमल जेठमल वस्तीचन्द बेटा पोतरा परागजी ओत वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं नवकारसी, मिति जेठ सुदि ११ वार मंगल।

झोटा शा. समरथमलजी हीराचन्दजी चन्दनमलजी डाऊलाल अमीचन्द बेटा पोतरा मुलताणजी ओत वास दाधाल वालारे तरफ सुं पहले वानोला मिति जेठ सुदि ३ ने प्रभातरा।

वीरवाड़िया शा. हिम्मतमलजी चुन्नीलालजी चतरचन्द राणमल मोहनलाल बेटा पोतरा पेमाजी वास दाधाल वाला रे तरफ सुं मिति जेठ सुदि ३ वानोला शामरा।

संकलेचा शा. सागरमलजी कालूचन्द डूंगरमल बेटा पोतरा हिमताजी ओत वास मेंगलवा वालोंरे तरफ सुं वानोला, मिति जेठ सुदि ४ ने प्रभातरा।

संकलेचा शा. लादाजी हरकाजी सांकलजी वागुलालजी, कुन्दनमल, पारसमल, भँवरलाल, लखमीचन्द, मनोहरमल, सुमेरमल जुगराज सोनमल हीराचन्द, चन्दनमल, माँगीलाल बेटा पोतरा सदाजी वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं मिति जेठ सुदि ४ ने वानोला शामरा।

चतरगोता बोहरा शा. सुकराजजी भँवरलाल धींगड़मल कानमल बेटा पोतरा जीवाजी ओत वास जीवाणा वालारे तरफ सुं मिति जेठ सुदि ५ ने वानोला प्रभातरा।

बाफणा शा. जवानजी भेराजी सूरजमल बस्तीचन्द घेवरचन्द उम्मेदमल कानमल देवीचन्द बेटा पोता फुसाजी ओत वास ऊनड़ी वालारे तरफ सुं मिति जेठ सुदि ५ ने वानोला शामरा।

संकलेचा शा. नेणमल पारसमल बेटा पोतरा जुठाजी ओत वास मेंगलवा वालारे तरफसुं मिति जेठ सुदि ६ ने प्रभातरा।

गदैया पारख शा. केसाजी सोनमलजी रिखबचन्द थानमल मुन्नीलाल चंपालाल बेटा पोतरा कुंबाजी ओत वास सुराणा वालारे तरफ सुं वानोला मिति जेठ सुदि ६ ने शामरा।

बाफणा शा. हिमताजी मूलाजी बेटा पोतरा करताजी वास ऊनड़ी वालारे तरफ सुं वानोला, मिति जेठ सुदि ७ ने प्रभातरा।

संकलेचा शा. छजाजी माणकजी तिलोकजी हीराचन्द दुधमल मीठामल सिमरथमल खुशालचन्द बेटा पोतरा जवाजी वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं वानोला, मिति जेठ सुदि ७ ने शामरा।

श्रीपतराठौर शा. वछाजी मुलतानमल सुकराज सुकरमल तिलोकचन्द मनोहरमल बेटा पोतरा भगाजी वास पांथेड़ी वालारे तरफ सुं वानोला मिति जेठ सुदि ८ ने प्रभातरा।

गाँधीमुथा शा. सिरेमल मिश्रीमल दुगरचन्दजी सुकराजजी लक्ष्मणराज बेटा पोतरा ओत वास सुराणा वालारे तरफ सुं वानोला, मिति जेठ सुदि ८ ने शामरा।

चतरगोता बोहरा शा. रूपाजी ओटमलजी जीतमल चम्पालाल बेटा पोतरा जयरूपजी ओत वास सुराणा वालारे तरफ सुं वानोला मिति जेठ सुदि प्रथम ९ ने प्रभातरा।

पालेचा शा. मुलताणजी खंगारजी सिरेमलजी अनाजी व श्रीमल भानमल रिखबाजी गेबाजी बेटा पोतरा राजींगजी ओत वास ऊनड़ी वालारे तरफ सुं वानोला मिति जेठ सुदि प्रथम ९ ने शामरा।

संकलेचा शा. लादाजी हरकचन्द साकलचन्द वागुलाल कुन्दनमल पारसमल भँवरलाल लखमीचन्द मनोहरमल सुमेरमल जुगराज सोनमल हीराचन्द चन्दनमल मुनीलाल बेटा पोतरा सदाजी वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं वानोला मिति जेठ सुदि दूजी ९ ने प्रभातरा।

बालगोता शा. सुरताजी वछाजी जानुजी साहेबजी सिरेमल पुखराज पछाणमल सुकराज रूपचन्द ऊखचन्द देसराज सुकनराज माँगीलाल धनराज थानमल वागुलाल बेटा पोतरा ओत वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं मिति जेठ सुदि दूजी ९ ने शामरा।

बालगोता शा. हिमताजी तोलाजी मिश्रीमल बेटा पोता चेलाजी, वास ऊनड़ी वालारे तरफ सुं मिति जेठ सुदि ११ ने बृहछान्तिस्नात्र पूजा भणावारा।

श्रीश्रीमाल यशोधन शा. सुकराजजी धनराजजी बेटा पोतरा परतापजी ओत वास पोणावा वालारे तरफ सुं मिति जेठ सुदि ६ प्रतिष्ठा-वेदिका पर कुम्भस्थापना करवारा।

संकलेचा शा. हजारीमल कुन्दनमल तारचन्द पारसमल कालूचन्द जुगराज बेटा पोतरा अनाजी वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं मिति जेठ सुदि ७ ने देवकुलिकादि में मंगलकलशों की स्थापना करवारा।

इस प्रकार कार्यकारिणी समिति के पंचों की प्रथम बैठक में ही चढ़ावों की आशातीत बोलियाँ सफल हो जाने से समस्त संघ में महान् आनन्दोत्साह उमड़ पड़ा और निर्धारित मुहूर्त्त के विषय में सब के हृदय में विश्वास की ऊर्मियाँ लहराने लगी। अहमदाबाद से श्री संघ आमन्त्रण-पत्रिकाएँ छपाकर मंगवाई और उनको देश, परदेश और प्रान्तों के प्रत्येक नगर गाँवों में पहुँचाई। प्रतिष्ठा में विशेष शोभा होने के निमित्त नियत उपसमितियों के द्वारा आहोर से चान्दी का भव्य रथ, समवसरण और बागरा से गाड़ी संयुक्त इन्द्रध्वज मंगाया। ओसियाजी से श्री वीर जिन संगीत मण्डली और देवगढ़ मेवाड़ से हाथी बुलाया। प्रतिष्ठा मण्डप की रचना के वास्ते रूपदास पेंटर को बुलाया गया।

११. भोजन-मण्डप (पट्टे) की रचना

लगभग ४० हजार वर्गफीट भूमि पर चांदनियाँ बांध कर पट्टे को तैयार करा कर, उसी में जल पूर्ण विशाल मजबूत टांका बनवाया गया। रसोई गृह में खाने योग्य विविध प्रकार के मिष्ठ पकवान बनाने का अच्छा प्रबन्ध किया गया। पुरसकारी के लिए बाहर गाँवों के तथा स्वप्रान्तीय गाँवों के ५०० वालंटियरों की कार्य करने की योग्य व्यवस्था की। मौके-मौके पर करीब सौ प्याऊ बैठाई और १०८ बाण पानी से भरे हुए स्थान-स्थान पर फिरते रहने की सुव्यवस्था की-जिससे उत्सव में आने वाले भाई बहिनों को पानी के लिए तनिक भी कष्ट नहीं भोगना पड़े। प्रत्येक उतारा पर जलपूर्ण मटके रखने का काफी इंतजाम किया गया। चारों ओर एक-एक कोश भूमि पर सजग चौकियाँ बैठाने और पुलिस जवानों के घूमते रहने का अच्छा प्रबन्ध किया गया।

१२. ग्रामकूप का जीर्णोद्धार और उसका लेख

भांडवाजी ग्राम के चौहटा में एक प्राचीन और अखूट जलपूर्ण कुआ है जिसका जल गाँव की आम जनता वापरती है और सब ढोर (पशु) भी यहीं पर जलपान करते हैं। उक्त सिलसिले में भांडवा की आम जनता के और श्री महावीर जैन कारखाना के सहाय से इस कुए का भी जीर्णोद्धार हुआ। तत्सम्बन्धी एक शिलालेख उत्कीर्ण कराके लगाया गया, जो नीचे मुजब है-

ॐ आचार्यदेव श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी महाराज के करकमलों से हुई श्री महावीर जिन मन्दिर की प्रतिष्ठा के प्रसंग में भाण्डवपुर श्री महावीर जैन कारखाना ने तथा ग्राम जनता ने सार्वजनिक हित के लिए थाना और महावीर कुण्डी सहित कुए का जीर्णोद्धार करवाया। इसके नाले को खोलने का चढ़ावा बोलकर चौधरी चमनारामजी बेटा पोता नगाजी ने लाभ लिया। विक्रम संवत् २०१० ज्येष्ठ शुक्ला दशमी १० सोमवार श्री शुभमिति।

१३. प्रतिष्ठा-मण्डप की धार्मिक रचना

नवनिर्मापित बड़ी धर्मशाला के विशाल मैदान में बने हुए हवा बंगला जो तीस फुट चौरस है उसमें प्रतिष्ठा-मण्डप बनाया गया। जिसकी भीतों पर परम पवित्र श्री सिद्धाचलजी, गिरनारजी, अष्टापदजी सम्मेतशिखरजी आदि जैन तीर्थों और सेलड़ीरस वहोरते हुए श्री ऋषभदेव प्रभु के और कायोत्सर्ग में स्थित जिनेश्वरों के उपसर्ग-दर्शक पेंट किए हुए चित्र-चित्रित के नवास के परदे लगाये। सिद्धाचलजी तीर्थों के पर्वतों की सांगोपांग सुन्दर रचनायें की गई, मण्डप के समस्त स्तम्भ और महरापें चमर ढोलते हुए इन्द्रों से, हाथों में पुष्पमालाएँ लिए हुए इन्द्राणियों से और नृत्य करती हुई अपसराओं से सजाये गए। मध्य भाग में चित्रित प्रतिष्ठा-वेदिका, उसके सम्मुख सुन्दर जलफुआरा बनाया गया और जगह-जगह विद्युत के ग्लूपों की हारमालाएँ लटकाई गईं जो विविध रंगों से सुशोभित थी। मण्डप में भारी सजावट इतनी आकर्षक थी कि देखने वालों को तृप्ति नहीं होती थी और निरीक्षक एक आवाज से कह बैठते कि यह भाण्डवा क्या बनाया गया है ? मानो स्वर्गीय विमान ही भूतल पर उतारा है। उसी के एक विभाग में मंगल-घर बना था- जिसमें प्रतिष्ठा और पूजा योग्य समग्र सामग्री संग्रहित थी और समय-समय पर विधि में चाहती वस्तु निकाल कर देने के लिए दो जानकार आदमी नियुक्त किये गये थे।

१४. दशदिनावधिक महोत्सव का प्रारम्भ

प्रतिष्ठा-महोत्सव सम्बन्धी सारा कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो जाने पश्चात् ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया रविवार से उत्सव का शुभ काम चालू हुआ। इसमें प्रतिदिन का

निर्धारित वेदिका पूजन, जल यात्रा, अखण्ड दीप स्थापन, जवारारोपण आदि १, क्षेत्रपाल आव्हान, यन्त्र स्थापना आदि २, नवग्रह दशदिग्पाल आव्हान, पूजा तत्मंडल स्थापनादि ३, कुम्भ स्थापनादि बीस स्थानक मण्डल पूजन स्थापना ४, मंगल कलश स्थापना, प्रतिष्ठावेदिकोपरि जिनबिम्ब स्थापन, नन्दावर्त-मण्डल पूजनादि ५, सुमेरूरचना, पंचकल्याणोत्सवादि ६, जिनबिम्ब गुरु बिम्ब, स्वर्णकलश, दण्डादि पर मन्त्राक्षर, आलेखन ७, अष्टादश स्नात्राभिषेकादि विधान ८, प्राण प्रतिष्ठा (अंजनशलाका) स्वर्णकलश, स्वर्णदण्ड और जिनबिम्ब स्थापनादि ९, उत्सवान्त में अष्टोत्तर राजाभिषेका बृहच्छान्ति-महापूजा और मन्त्रपूत जलधारा दापन और देवदेवी-विसर्जन १०, इस प्रकार शास्त्रोक्त विधि से दश दिन पर्यन्त क्रमशः क्रियाएँ यथावत कराई गई। क्रिया-कारापक स्वयं आचार्यदेव और उनकी आज्ञा से श्री विद्याविजयादि मुनिवर थे। इसमें जो सावद्य क्रियाएँ थीं उनको सायला निवासी गुरां हेमराजजी कराते थे। इनमें अवान्तर जो क्रियाएँ की गईं वे आदि शब्द से समझ लेना चाहिए।

१५. अंतिम चढ़ावों की बोलियाँ

ज्येष्ठसुदि द्वितीय ९ की रात्रि के ८ बजे कार्यकारिणी समिति के मुख्य मेम्बरों की प्राचीन धर्मशाला के हॉल में जाजम हुई, उस पर सभागत आम श्रीसंघ विराजमान हुआ। उसमें पंचों की रजा से नीचे लिखे मुताबिक चढ़ावे बोले गये-

शा. कुन्दनमलजी मिसरीमलजी सुखराज भँवरलाल जेठमल सांवलचन्द रतनलाल बेटा पोतरा हांसाजी गाडुजी, वास मेंगलवा वालारे तरफ सुं होदे तोरण बांधवारा, हस्ते मिसरीमलजी।

शा. हंसाजी रखबाजी मसराजी वस्तीचन्द सिरेमल गेवरचन्द बेटा पोतरा खसाजी, वास जीवाणा वालारे तरफ सुं माणकथम्भ रोपवारा, हस्ते खुद।

कोमतारा संघवीओ समस्त तरफ सुं श्री महावीरस्वामीजी महाराजरे मन्दिर ऊपर ध्वजा चढ़ावारा निछरावलरा, हस्ते संघवी जुहाराजी वनाजी सेराजी खुमाजी तथा हंजाजी जवानजी तथा तेजाजी कपूरजी।

मुता केसाजी अतमाजी वास बागोड़ा वालारे तरफ सुं श्री महावीरस्वामी महाराजने वधावारा, हस्ते शिवलालजी केसाजी।

शा. समरथमल हीराचन्द डाऊलाल चन्दनमल अमीचन्द बेटा पोतरा मुलताणजी, वास दाधाल वालारे तरफ सुं श्री महावीरस्वामीरे मन्दिररो बारणों खोलवारा, हस्ते खुद।

मुता हाजमल जेठमल रुघनाथमलजी सूरजमलजी सागर- मलजी भानीराम दलीचन्द लालचन्दजी पूनमचन्दजी बेटा पोतरा जोइताजी, वास नगर सीरेमन्दिरजी ऊपर ईण्डो कलश चढ़ावारा, हस्ते मुता जेठमल जी रुघनाथजी रालदर वाला।

शा. मालाजी जेठमलजी मसराजी भलेराज डूंगरमल गेवरचन्द बेटा पोतरा आसाजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं सिरेमन्दिरजी ऊपर दण्ड चढ़ावारा।

शा. गोराजी कुन्दनमलजी ओटमलजी सांकलचन्द सुमेरचन्द बेटा पोतरा जुहाराजी, वास रेवतड़ा वालारे तरफ सुं पेली देवरड़ी ऊपर ध्वजा चढ़ावारा, हस्ते ओटमलजी।

शा. वस्तीमलजी दुधमलजी मनोहरमलजी चम्पालालजी बेटा पोतरा हांसाजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं पेली देवरड़ी ऊपर ईण्डो चढ़ावारा, हस्ते वस्तीमलजी।

शा. मोतीजी सोनाजी सुमेरजी बेटा पोतरा रदाजी वास तलोड़ा वालारे तरफ सुं पेली देवरड़ी ऊपर दण्ड चढ़ावारा, हस्ते मोतीजी।

शा. गुलराजी मेघराजजी रामकिसनलालजी कुन्दनमलजी बेटा पोतरा जगराजी, वास सुराणा वालारे तरफ सुं दूजी देवरड़ी ऊपर ध्वजा चढ़ावारा, हस्ते गुलराजजी।

शा. समरथमलजी हस्तीमलजी पकराजजी लादाजी भँवरलालजी हेमराजजी सुमेरमलजी बेटा पोतरा छोगाजी वास सुराणा वालारे तरफ सुं दूजी देवरड़ी ऊपर ईण्डों चढ़ावारा, हस्ते समरताजी।

कबदी पूनमजी सागरजी हंजारीमल जी बेटा पोतरा परतापजी, वास सायला वालारे तरफसुं दूजी देवरड़ी ऊपर दण्ड चढ़ावारा, हस्ते हंजारीमलजी।

शाहजी अचलराजजी गुमानमलजी जगराजजी मनोहरमलजी पकराज सुमेरमल भँवरलाल परथीराज बेटा पोतरा भोमराजजी घनराजजी, वास पांथेड़ी वालारे तरफसुं तीजी देवरीड़ी ऊपर ध्वजा चढ़ावारा, हस्ते जगराजजी।

शा. सुकनराज माँगीलालजी मदनलालजी बेटा

पोतरा सरदारजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं तीजी देवरड़ी ऊपर ईण्डो चढ़ावारा, हस्ते सुकनराजजी।

शा. गुणेसाजी सोनाजी बेटा पोतरा दीपाजी, वास तलोड़ा वालारे तरफसुं तीजी देवरड़ी ऊपर दण्ड चढ़ावारा, हस्ते गुणेसाजी।

शा. तलाजी सोनमलजी शिवराजजी गवरीचन्दजी इंदरमलजी, वस्तीमलजी गेवरमलजी डूंगरमलजी बेटा पोतरा टेकचन्दजी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं चौथी देवरड़ी ऊपर ध्वजा चढ़ावारा, हस्ते गेवराजी।

मुता भभुताजी पकराजजी धनराजजी वख्तावरमलजी मिश्रीमलजी पारसमलजी हस्तीमलजी पारसमलजी माँगीलालजी जावन्तराजजी बेटा पोतरा चतराजी वास सुराणा वालारे तरफसुं चौथी देवरड़ी ऊपर ईण्डों चढ़ावारा, हस्ते पुखराजजी।

शा. गुणेसाजी भभुताजी भँवरलाल जगराज डूंगरमलजी बेटा पोतरा जेरूपजी, वास सायला वालारे तरफसुं चौथी देवरड़ी ऊपर दण्ड चढ़ावारा, हस्ते भभुताजी।

शा. हंजाजी लुंबाजी समरथाजी भँवरलाल गेवरचन्द शंकरलाल सुमेरमल माँगीलाल बेटा पोतरा छोगाजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथजी महाराजरे शाल ऊपरे ध्वजा चढ़ावारा।

मुता भलाजी पारसमल पुखराज बेटा पोतरा हेमाजी वास जीवणा वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराजरे शाल ऊपर ईंड़ों चढ़ावारा, हस्ते भलाजी।

शा. आदाजी मेगा जी रखबाजी सुमेरमल गेबरचंद भँवरलाल बाबूलाल जुटराज बेटा पोतरा रासाजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराजरे शाल ऊपर दंड चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. हंजाजी मसराजी केवलजी वसताजी सिरेमल चुनीलाल रखबचंद गेबरचंद रूपचंद पारसमल चंपालाल भानीराम भीकचंद बाबूलाल सायरचंद बेटा पोतरा खसाजी वास जीवाणा वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराजरी शाल में त्रिगड़ो विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते हंजाजी।

भण्डारी बदाजी अमेदाजी भभुताजी गेवरचन्द लालचन्द माँगीलाल बेटा पोतरा हांसाजी वास सायला वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराज विराजमान करवारा चढ़ावारा, हस्ते अमेदाजी।

मुता सागरजी हिमताजी सोनाजी नेणमल सुमेरमल तिलोकचन्द पारसमल बेटा पोतरा फोजाजी, वास सायला वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराज विराजमान करवारा चढ़ावारा।

शा. समरथाजी भगवानजी मनोहरजी बाबूलाल बेटा पोतरा भुताजी, वास सायला वालारे तरफसुं पेली देवरड़ी में श्री मूलनायक महाराज विराजमान करवारा चढ़ावारा।

शा. वसताजी केवलजी सुमेरजी बेटा पोतरा ऊकाजी, वास सायला वालारे तरफसुं श्री मूल नायक महाराजरे डाबी बाजु प्रतिमाजी विराजमान करवारा चढ़ावारा, हस्ते वसताजी।

शा. सरताणजी भोमाजी तगराज पुखराज पारसमल तिलोकचन्द गेवरचन्द भँवरलाल जगराज बेटा पोतरा चेनाजी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं मूलनायक जीरे जीमणी बाजु प्रतिमाजी विराजमान करवारा चढ़ावारा।

शा. जुटाजी मसराजी भँवरलाल गेबीचन्द शान्तिलाल बेटा पोतरा रणछोड़जी, वास दाधाल वालारे तरफसुं श्री शान्तिनाथ महाराज विराजमान करवारा चढ़ावारा।

शा. रनोजी पुखराज मोहनलाल बेटा पोतरा परागाजी वास मेंगलवा वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथजी की डाबी बाजु प्रतिमाजी विराजमान करवारा चढ़ावारा।

मुता पेराजजी मनरूपजी बेटा पोतरा तेजाजी, वास सायला वालारे तरफसुं बीजी देवरड़ी में भगवान विराजमान करवा रे चढ़ावारा, हस्ते मनरूपजी।

शा. सवाजी मलताणजी रखबाजी, शंकरजी हस्तीमल पारसमल गेबीचन्द चम्पालाल सोहनराज भँवरलाल मोहनलाल कानराज बाबूलाल बेटा पोतरा धुड़ाजी, वास जीवाणा वालारे तरफसुं तीजी देवरड़ी में भगवान विराजमान करवारा चढ़ावारा, हस्ते सवाजी।

शा. केवलजी गमानजी पुखराज भँवरलाल सांवलचन्द दाड़मचन्द बेटा पोतरा ऊकाजी वास दाधाल वालारे तरफसुं तीजी देवरड़ी में भगवान विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते केवलजी।

मुता खेतमलजी माँगीलाल बेटा पोतरा नरराजजी, वास जीवाणा वालारे तरफसुं तीजी देवरड़ी में भगवान विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते खुद।

भण्डारी आसाजी मोटाजी कपूरचन्द बेटा पोतरा मगनाजी वास मेंगलवा वालारे तरफसुं चौथी देवरड़ी में भगवान विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. इन्दरजी चुनाजी माँगीलाल बेटा पोतरा केसाजी, वास दाधाल वालारे तरफसुं चौथी देवरड़ी में भगवान विराजमान करवारे चढ़ावारा।

शा. हीराजी वसताजी पारसमल जगराज पुखराज कुन्दनमल वख्तावरमल सुमेरमल बेटा पोतरा रणछोड़जी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं चौथी देवरड़ी में भगवान

विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. मलाजी छगनराज भगवानचन्द भँवरलाल गटमल शान्तिलाल सेसमल बेटा पोतरा हंजाजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं नवचोकिया ऊपर ईण्डो चढ़ावारा।

शा. भोमाजी तगराज बेटा पोतरा हिमताजी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराज विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. सागरजी रुगनाथजी फुलाजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं गौतम स्वामी महाराज विराजमान करवारे चढ़ावारा।

संघवी गुणेसाजी वसताजी वास मेंगलवा वालारे तरफसुं श्री विजयराजेन्द्रसूरीश्वरजी महाराजजी प्रतिमाजी विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते गुणेसाजी।

शा. पीथाजी मसराजी सांवलचन्द भीमराज देवीचन्द कपूरचन्द सोनमल बेटा पोतरा मादाजी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं श्री धनचन्द्रसूरिजी महाराजरी मूर्ति ऊपर नाम खोदवारे चढ़ावारा।

शा. जगराजजी दोलाजी, वास दाधाल वालारे तरफसुं श्री धनचन्द्रसूरिजी महाराजरी प्रतिमा विराजमान करवारे चढ़ावारा ह. जगराजजी।

शा. केवदाजी बाबूलाल दाड़मचन्द बेटा पोतरा सागरजी वास दाधाल वालारे तरफसुं वीरप्रभु का यक्ष-यक्षणी विराजमान करवारे चढ़ावारा

शा. रखबाजी सरूपाजी, वास रेवतड़ा वालारे तरफसुं श्री शंखेश्वरी देवी विराजमान करवारे चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. नेणमलजी बाबूलाल दीपचन्दजी, वास थलवाड़ वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराजरे घूमट ऊपर ईण्डों चढ़ावारा।

भन्साली अमेदाजी सरदारजी भीमाजी छोगाजी पारसमल छगनलाल लछीराम दलीचन्द बाबूलाल बेटा पोतरा तलाजी, वास जाब वालारे तरफसुं श्री गौतम स्वामी महाराजरे घूमट ऊपर ईण्डों चढ़ावारा।

शा. रखबाजी लादाजी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी महाराजरी छतरी ऊपर ईण्डों चढ़ावारा।

मुता अनाजी हंजाजी चुनाजी छगनाजी बेटा पोतरा आंबाजी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं श्री धनचन्द्रसूरिजी महाराजरी छतरी ऊपर ईण्डो चढ़ावारा।

शा. दरगाजी रखबाजी सरेमल बेटा पोतरा फोजाजी, वास दाधाल वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराजरे शाल ऊपर ईण्डों चढ़ावारा।

मुता अनाजी हंजाजी चुनाजी छगनाजी बेटा पोतरा आंबाजी, वास मेंगलवा वालारे तरफसुं श्री धनचन्द्रसूरिजी महाराजरी छतरी ऊपर ईण्डो चढ़ावारा।

शा. दरगाजी रखबाजी सरेमल बेटा पोतरा फोजाजी, वास दाधाल वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराजरे शाल ऊपर ईण्डों चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. तोलाजी लुम्बाजी जानुजी भोमाजी बदाजी जगराज बेटा पोतरा सजाजी, वास बाली वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथ महाराजरी शाल ऊपर ईण्डों चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. हंजाजी मूलाजी वास पोसाणा वालारे तरफसुं श्री पार्श्वनाथजीरी शाल ऊपर ईण्डो चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. लछमणजी सरेमलजी हंजारीमलजी नेमीचन्दजी फूलचन्दजी बेटा पोतरा साद्दूलजी, वास गड़ामोटा राणारा वालारे तरफसुं खेलामण्डप ऊपर ईण्डो चढ़ावारा, हस्ते खुद।



शा. हरकचन्दजी वीरमाजी, वास नांदीया वालारे तरफसुं भगवानरी पेली पूजा करवारे चढ़ावारा, हस्ते खुद।

शा. रूपाजी ओटमलजी रतीमल चम्पालाल बेटा पोतरा जेरूपजी, वास सुराणा वालारे तरफसुं पार्श्वनाथ भगवानरी पेली पूजा करवारे चढ़ावारा।

कबदी पूनमजी रखबाजी भँवरलाल जुहाराजी, वास सायला वालारे तरफसुं भगवानरी अन्तर पूजा करवारे चढावारा।

शा. हंजाजी केवलजी भानाजी बेटा मुलाजी, वास पोसाणा वालारे तरफसुं फूलपूजा करवारे चढ़ावारा।

कबदी भानाजी शिवराज बेटा अनाजी, वास सायला वालारे तरफसुं धूपपूजा करवारे चढ़ावारा।

शा. हंजाजी लालचंद बेटा पोतरा फोजाजी, वास सायला वालारे तरफसुं भगवानरे पखाल करवारे चढ़ावारा।

शा. आसुजी भगुजी, वास बागोड़ा वालारे तरफसुं भगवान रे चामर बींजवारे चढ़ावारा।शा. सुखराज धनराज बेटा परतापजी वास पोसाणा वालारे तरफसुं भगवानरी आरती उतारावारा चढ़ावारा।

शा. धरमाजी सांकलचन्द बेटा पोतरा वीरमाजी, वास तलोड़ा वालारे तरफसुं भगवानरी दूजी आरती उतारवारे चढ़ावारा।

शा. सुखराज भँवरलाल बेटा पोतरा जीवाजी, वास जीवाणा वालारे तरफसुं श्री मंगलदीवो उतारवारे चढ़ावारा।

१६. अंतिम दिन और लोगों का उत्साह

संवत् २०१० ज्येष्ठ सुदि १० चन्द्रवार के दिन स्वर्णकलश, सुवर्ण दण्डध्वज समारोपण और जिनबिम्बादि स्थापन करने का नवांश के मिथुन लग्न में ९.३० बजे का शुभ टाईम निश्चित था। इस शुभ दृश्य के निरीक्षणार्थ लगभग जैन अजैन जनता तीस-पैंतीस हजार उमड़ी हुई थी। इतनी भीड़ थी कि विशाल स्थान होने पर भी वह संकीर्ण बन गया था- जिसमें खड़े रहने के लिए भी स्थान का अभाव सा मालूम पड़ता था। इतनी जनमेदिनी भेली होने पर भी न किसी को कुछ तकलीफ हुई और न किसी की कोई चीज गुम हुई, यही क्रियाकारक का भारी अतिशय समझना चाहिए।

कतिपय विघ्नसंतोषी और ईर्ष्या से दग्ध हृदयवाले कुटिल व्यक्तियों ने इस प्रसंग पर विघ्न खड़ा करने के लिए पंचों पर पत्र लिखे, राज्य तक कागदी घोड़े दौड़ाये और उन्मत प्रलाप मचाया कि पानी खुट जाएगा, कोलेरा फुट निकलेगा और आग लग जाएगी, परन्तु आचार्यदेव के प्रभाव से किसी को कीली का भी खटका नहीं हुआ और आज भी भाण्डवपुर में अमन-चमन की आनन्द तरंगे विलास कर रही है। अन्त में उन्मत प्रलापियों को अति हताश होकर यों ही बैठना पड़ा अस्तु।

निर्धारित टाईम पर चढ़ावा लेने वाले सब धर्मप्रेमी सद्गृहस्थ स्नानपूर्वक शुद्ध वस्त्र धारण करके अपनी अपनी बोली हुई चीजें ग्रहण कर तीर्थाधिप के मन्दिर में उपस्थित हुए। आचार्यदेव ने तत्सम्बन्धी विधि-

विधान कराकर असली वेला में स्व-स्व स्थान पर सुवर्ण कलश, सुवर्ण दण्डध्वज समारोपण और जिनबिम्बादि स्थापन करवाये और उन पर अभिमन्त्रित वासक्षेप डाला। बस उसी समय जय-जयरव की ध्वनि हुई और युवतियों के मंगल गान गूंजने लगे। एक ओर संगीत मण्डली के नृत्य होने लगे और दूसरी ओर यतीन्द्र जैन बैंड मण्डल का बैंड जनता के चित्तों को आकर्षित करने लगा। इस प्रकार भारी शान्ति से सारा कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हो गया।

प्रतिष्ठोत्सव में प्रतिदिन दोनों टाईम भारी जलूस के साथ वरघोड़े निकाले जाते थे जिसमें सब से पहले हजार झण्डियों वाला महेन्द्रध्वज, उसके पीछे सजा हुआ हाथी, बाद चांदी का झंझनाहट करता हुआ रथ, उसके पीछे प्रभु की रजतमय पालखी, उसके बाद क्रमशः चांदी, सोने के वेड़े, चांदी का सुशोभित आम्रवृक्ष, छड़ी, घोटा घर, चन्द्र, सूर्य मुखीधर आदि चलते थे। पालखी के चारों ओर श्रावक समुदाय उसके पीछे मंगलगीत गाती हुई श्राविकाओं का समुदाय चलता था। वरघोड़ाओं में कोलाहल को रोकने, टंटा फिसाद को न होने देने और लोगों के जान माल की रक्षा करने के लिये चारों ओर घूमते हुए स्वयं सेवक दल एवं पुलिसपार्टी के युवक भारी तकेदारी रखते थे जिससे बड़ी शान्ति रहती थी।

प्रतिष्ठा में प्रतिदिन उक्त सज-धज से निकाले गये वरघोड़ाओं के चढ़ावे हुए।

प्रतिष्ठा मण्डप में प्रतिदिन हजारों स्त्री-पुरुषों के बीच संगीत मण्डली के ड्रेसों से सजे हुए बालक प्रभु गुणगान मय स्तवना के साथ विविध नृत्य स्थली-भ्रमण, डोरगुंथन, शिक्षाजनक संवाद और ड्रामें लेजिम आदि कलायें दिखलाने तथा बैंड मण्डल के युवक बैंड सम्बन्धी वाद्यों के नाना भाँति के सुन्दर गीतों से लोगों को मन्त्र-मुग्ध करते थे। इन भक्ति-भावों को निहार-निहार कर बुजुर्ग लोग कहने लगते थे कि ऐसा आदर्श प्रतिष्ठा महोत्सव इस प्रान्त में न कभी हुआ और न कभी होगा।

१७. उत्सव में स्थपित जिन बिम्बों के स्थानादि

इंची	बड़ा देवकुलिका नं. १ -	प्रतिष्ठा सम्वत्		घूमटीत्रयशाला में-	
१५	मूल. श्री ऋषभदेवजी	१९९८ बागरा (मारवाड़) में	३७	श्री पार्श्वनाथजी (श्याम)	२००१ आहोर (मारवाड़) में
१३	श्री मल्लिनाथजी	१९९८ बागरा (मारवाड़) में	३१	श्री पार्श्वनाथजी (श्याम)	२००१ आहोर (मारवाड़) में
१३	श्री अजितनाथजी	१९५५ आहोर में	३१	श्री पार्श्वनाथजी (श्याम)	२००१ आहोर (मारवाड़) में
	देवकुलिका नं. २-		२५	श्री पार्श्वनाथजी (श्वेत)	१९९८ बागरा में
१३	मूल. श्री शान्तिनाथजी	१९९८ बागरा में	१९	श्री गौतमस्वामीजी	२००६ बाली-गोड़वाड़ में
११	श्री ऋषभदेवजी	१९९८ बागरा में		मुख्य मण्डप के आलक में-	
११	श्री महावीरस्वामीजी	१९९८ बागरा में	१३	श्री पार्श्वनाथजी (श्याम)	१३५४
	देवकुलिका नं. ३-		२१	श्री शान्तिनाथजी	१९५५ आहोर में
१३	मूल. श्री पार्श्वनाथजी (श्वेत)	२००६ बाली-गोड़वाड़ में		रंगमण्डप के आलक में-	
११	श्री पद्मप्रभस्वामीजी	१९९८ बागरा में	१५	अधिष्ठायक मातंग यक्ष	१९९८ बागरा में
११	श्री अजितनाथजी	१९९८ बागरा में	१५	अधिष्ठायिका सिद्धायिका देवी	१९९८ बागरा में
	देवकुलिका नं. ४-			रंगमण्डप प्रथम छत्री में-	
१५	मूल. श्री नेमिनाथजी (श्याम)	१९९८ बागरा में	१७	श्रीविजयराजेन्द्रसूरिजी	२००१ आहोर में
१३	श्री सुमतिनाथजी	१९९८ बागरा में		रंगमण्डप दूसरी छत्री में-	
१३	श्री चन्द्रप्रभस्वामीजी	१९९८ बागरा में	१५	श्रीविजयधनचन्द्रसूरिजी	२०१० भाण्डवपुर में

१८. पंचतीर्थी और गुरुमूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

इसी महोत्सव के अन्दर पंच कल्याण विधि विधान होकर चांदी की पंचतीर्थियों तथा गुरुमूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा (अंजनशलाका) हुई जिनके उत्कीर्ण लेख इस प्रकार है-

१. विक्रम सं. २०१० ज्येष्ठ सुदि ९ सोमे सायला वास्तव्य अनाजी सुत सोनमलेन शा. वरदा जी पुत्र केशरीमलस्य श्रेयसे श्री श्री आदिनाथ पंचतीर्थिबिम्बं कारितं श्री भांडवपुर तीर्थोत्सवे प्रतिष्ठितं श्री विजययतीन्द्रसूरिभिः श्री सौधर्मबृहत्तपागच्छे।

२. विक्रम सं. २०१० ज्येष्ठ सुदि १० सोमे सायलावास्तव्य अनाजीसुतसोनमलेन शा. वरदाजी सुत केशरीमलस्य श्रेयसे श्री पार्श्वनाथ-जिनपंचतीर्थिबिम्बं कारितं श्री भांडवपुर तीर्थोत्सवे प्रतिष्ठितं श्रीविजययतीन्द्रसूरिभिः।

३. विक्रम सं. २०१० ज्येष्ठ सुदि १० सोमे सायलावास्तव्य अनाजीसुतसोनमलेन शा. वरदाजी सुत केशरीमलस्य श्रेयसे श्री महावीर-जिनपंचतीर्थिबिम्बं कारितं श्री भांडवपुर तीर्थोत्सवे प्रतिष्ठितं श्रीविजययतीन्द्रसूरिभिः श्री सौधर्मबृहत्तपागच्छे।

४. विक्रम सं. २०१० ज्येष्ठ सुदि १० सोमवासरे मेंगलवा निवासीभिः शा. पिथाजी मिश्रीमलजी, सांबलचंद भमराज देवीचंद कपूरचंद सोनराज जावंतराज मादाजी पुत्र प्रपुत्र श्रीमद्धनचन्द्रसूरिशस्य बिम्बं कारितं भांडवपुरे प्र० श्री विजययतीन्द्रसूरिभिः।

१९. तीर्थाधिप के जिनालय में प्राचीन प्रतिमाएँ और उनके उत्कीर्ण लेख

श्री महावीरप्रभु के मुख्य सौधशिखरी जिनालय में शासनपति तीर्थनायक श्रीमहावीरस्वामी भगवान् की सर्वांग सुन्दर बादामी वर्ण की ३ फुट बड़ी सपरिकर प्रतिमाजी मूलनायक रूप में विराजमान है जिनका प्रभाव एवं चमत्कार प्रत्यक्ष है और यह बारह सौ वर्ष उपरान्त की पुरानी है। इनके दोनों बाजु आस-पास सं. १९५५ फाल्गुन कृष्णा ५ की प्रतिष्ठित श्री शान्तिनाथ प्रभु की भव्य दो प्रतिमाएँ विराजमान हैं जो श्वेतवर्ण २१-२१ इंच बड़ी है। इनके अलावा इस मन्दिर में धातुमय १ चौवीशी, ३ पंचतीर्थी और १ छोटी देवी की मूर्ति भी है। जिनके उत्कीर्ण लेख नीचे मुताबिक है।

१. सं. १२०२ माघ सुदि १३ छाड़ ही कारापिता।

२. सं. १३२५ फाल्गुन सुदि ८ सोमे श्री मल्लिकीयगच्छे सा. आल्हण पुत्र कुलकरणेन श्री पार्श्वनाथबिम्बं कारितं प्रतिष्ठितं सिंहदोलनसूरिभिः।

३. सं. १३५९ (छोटी देवी की मूर्ति पर)

४. सं. १५१६ वर्षे पोष वदि ५ गुरौ थिरापद्रगच्छे श्रीश्रीमाल ज्ञातीय व्य. सूरा भार्या श्रियादे सु. नीसलेन भा. नीनादे सुत धीरा काला कुटुम्बयुतेन स्वपितृ-मातृ श्रे. श्री श्रेयांसनाथ चतुर्विंशतिपट्टं का प्रतिष्ठितं श्री विजयसिंहसूरिभिः, थिरापद्रवास्तव्य श्रीः श्रीः।

५. संवत् १७५७ वर्षे माघ सुदि ५ दिने श्रीथिरापद्रास्तव्य श्रीमालज्ञातीय वृद्ध शाखीय वो. देवराज भा. मातासुत वो. वासा तथा बलादिसुत भोजराजादिसहितेन स्वपुण्यार्थं श्रीसंभवनाथ- पंचतीर्थी कारितं प्रतिष्ठितं तपागच्छे भ. श्री विजयप्रभसूरिपट्टे संविज्ञपक्षीय श्रीज्ञानविमलसूरिभिः।

२०. मुख्य मन्दिर की दहिनी शाला का लेख

विक्रमीय २००७ वर्षे ज्येष्ठ सुदि ५ सोमवासरे श्रीमद्विजय- यतीन्द्रसूरीश्वरस्य शिष्य-मुनि श्रीविद्याविजयोपदेशत आकोली नगरवासिनो लघुशाखीयोपकेशवंशे भंडारी शा. हंसराजश्रावकस्य दत्तक पुत्रेण मिश्रीमलाख्येन निजमातुः शांतादेश्राविकाया आत्मश्रेयसे श्री भांडवपुरजैनतीर्थे शासनाधीश्वरस्य भगवतः श्री महावीरजिनेन्द्रस्य श्री सौधशिखरिजिनालयस्येमा आरसौपलने शाला निर्मापिता निर्मापकानां दर्शकानां च ऋद्धिवृद्धिकल्याणकरा भवन्तु।

२१. जीर्णोद्धार-प्रतिष्ठा का शिलालेख

प्रातः स्मरणीय विश्वपूजीय
श्रीमद्विजयराजेन्द्रसूरीश्वरेभ्यो नमः।

आचार्यदेव श्रीमद्विजययतीन्द्रसूरिश्वरजी महाराज के तत्वावधान में सकल जैनसंघ प्रदत्त द्रव्य सहाय से भांडवपुर श्रीमहावीर जैन कारखाना के मारफत दियावट पट्टी के श्वेताम्बर जैनसंघ ने इस तीर्थ जिनालय का सम्पूर्ण जीर्णोद्धार कराया और इसके चारों ओर के कोणों पर शिखरबद्ध एक देवकुलिका एवं घूमटदार तीन देरियां आरसोपल से नई बनवाईं और आचार्यदेव के ही करकमलों से दशदिनावधिक महोत्सवपूर्वक सविधि प्रतिष्ठा करा कर सं. २०१० ज्येष्ठ सुदि १० सोमवार के दिन शुभलग्नांश में मुख्य जिनालय के ऊपर स्वर्णकलश दंडध्वज और देवकुलिकाओं एवं देहरियों में जिन बिम्ब स्थापन तथा स्वर्णकलश, दंडध्वज समारोपण करवाये।

उपसंहार

प्रतिष्ठोत्सव पर दर्शकों की जनसंख्या पैंतीस हजार उपरान्त थी। गाँव में इतने लोगों का समावेश होने के लिये विशाल एवं बड़े मकान मिलने का सर्वथा अभाव था, इससे जनता झाड़ों की छाया में ठहरी हुई थी और गरमी का मौसम था। उनकी जान-माल की रक्षा का ऐसा सुन्दर प्रबन्ध किया गया था कि जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। जिन डेरों पर जिनको जितना जल आवश्यक हो उतना जल मिल जाता था। प्रति डेरों पर विविध दवाओं की पेटियाँ लिये हुए डॉक्टर घूमते रहते थे। स्वयं सेवकों का दल और पुलिस पार्टी के युवा, रात-दिन चारों ओर घूमते रह करके जान-माल की वास्तविक सुरक्षा करते थे जिससे किसी को अपने माल असबाब की निगाह रखने की आवश्यकता या चिन्ता नहीं होती थी। ऐसे अवसरों पर प्राय: गुण्डे लोग हाथ मार जाया करते हैं, परन्तु यहाँ के वास्तविक बन्दोबस्त के सामने वे लोग तनिक भी कामयाब नहीं हो सके। भांडवाजी के ठाकुर भगवानसिंहजी, उनके छोटे भाई हिम्मतसिंहजी और दईया सोनसिंहजी ये तीनों बड़ी दिलचस्पी से अपने बहादुर आदमियों के साथ सर्वत्र पूरी निगाह रखते थे जिनकी जनसेवा धन्यवाद की पात्र थी।

आहोर वाले श्री गोड़ीपार्श्व जैन युवक मंडल के वालिन्टयर युवकों ने पट्टा में लोगों को व्यवस्थित बैठाकर उनकी पुरसकारी करने की आलादर्जे की सेवा की। इसी प्रकार प्रतिष्ठा-मंडप में धर्मशाला और जिनालय में सब जगह फिरते रह कर बड़ी बहादुरी से सुव्यवस्था रखी। जिससे किसी तरह की असुविधा को स्थान नहीं मिल सका।

जो लोग पट्टा में आरोगते-आरोगते उब चुके थे उनके सुभीते के लिए कार्यकारिणी समिति के पंचों ने एक मोदीखाना खुला रखा था जिसमें आटा, दाल, मसाले, घी, दूध, दही, शक्कर (खांड) और चावल आदि सामान बिना रोक-टोक तोल कर यथा सम्भव मुफ्त में दिया जाता था। ऐसी उदारता इतर प्रतिष्ठोत्सवों में बहुत कम देखी गई है। प्रतिष्ठा में सेवक, भोजक, भट, रावल, यति आदि याचक भी अनेक आये थे, पंचों ने उनको निराश नहीं किया, सब को प्रसन्न करके विदा किया। अन्त में प्रतिष्ठा-महोत्सव में सब तरह की सुव्यवस्था करने-कराने के लिये कार्यकारिणी समिति के और उपसमितियों के पंच मेम्बरों को हार्दिक धन्यवाद देकर विश्राम लिया जाता है, शमिति।

जय जय जयति जैन शासनम्।

श्री वीरचैत्य प्रतिष्ठोत्सव
लेखक : मुनि विद्याविजयजी
(आचार्यश्री विद्याचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.)
से साभार

तपस्वी मुनिराज श्री शान्तिविजयजी के जीवन की झाँकी एवं चातुर्मास प्रवचन

लेखक : भँवरलाल सेठिया - भीनमाल

परम योगी मुनिराजश्री शान्तिविजयजी महाराज साहब एक विद्यानुरागी शिष्य मुनिराजश्री जयरत्नविजयजी "विमल" आदि ठाणा का सर्वप्रथम इस क्षेत्र में ऐतिहासिक चातुर्मास अत्यन्त उत्साह के साथ हुआ। इस चातुर्मास के स्मरणीय कार्यकलापों का उल्लेख एवं महान् तनस्वी शान्त योगीराजश्री के जीवन दर्शन की एक झलक प्रस्तुत है।

आदरणीय महाराज साहब श्री शान्तिविजयजी का जन्म सिरोही जिले के मंडार के पास हनादरा के एक गाँव जो "पीथापुरा" कहलाता है, में हुआ था। आपका जन्म समय विक्रम संवत् १९७७ के आस-पास का है।

आपके पूज्य पिताजी का नाम श्री भगवानजी एवं मातुश्री का नाम ज्योतिबाई था। आपके (स्वयं) बचपन का नाम श्री देवारामजी था। आप रबारी अहीर (देवासी) जाति के थे अत: बचपन व्यतीत होने के पश्चात् माल (गायें आदि) प्रात: घर से लेकर वन में चराने के लिये ले जाते और पुन: संध्या समय घर लौट आते थे। ऐसा नित्य प्रतिदिन आपका कार्यक्रम रहता था।

आप बचपन से ही दयालु, नम्र स्वभाव तथा धर्म प्रवृत्ति वाले थे। अतएव मूक पशुओं को कष्ट नहीं पहुंचे इसका अत्यधिक ध्यान रखते थे। आप अपना जीवन सादगी, सुन्दर विचारों तथा मृदुवाणी से व्यतीत करते हुए जा रहे थे। पूर्व भव के संस्कार एवं पुण्य के प्रभाव से आपका मिलन मांडोली नगर के योगी महाराज श्री शांतिसूरीश्वरजी से हुआ। कुछ समय पश्चात् आप गुरुदेव श्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी आचार्य महाराज साहब के सम्पर्क में आये।

आपकी लघु दीक्षा वि. संवत् २००३ ज्येष्ठ शुक्ला ६ के दिन जालोर जिले के हरजी गाँव में हुई। आपने गुरुदेव श्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. की निश्रा में रहकर लघु दीक्षा स्वीकार की थी। इस समय आपकी अवस्था २६ वर्ष के लगभग थी। करीब एक वर्ष पश्चात् ही आपकी बड़ी दीक्षा थराद (गुजरात) राज्य में विक्रम संवत् २००४ में सम्पन्न हुई।

आपकी धर्म प्रवृत्ति शुरू से ही प्रबल थी। गुरुदेव के प्रति आस्था अटूट थी और जप तप की जिज्ञासा अटल थी अतएव दिनोंदिन प्रगति करते गये। आप गुरुदेव श्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. के साथ विक्रम संवत् २००३ से २०१७ तक कुल पन्द्रह वर्षों तक साथ रहे। गुरुदेव की निश्रा में ही चातुर्मास, धर्म क्रिया एवं आराधना आदि का कार्य व्यवस्थापूर्वक नियमित चलता रहा और इस कार्यकाल में आपने अत्यधिक जीवन का अनुभव प्राप्त किया।

गुरुदेव श्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. के देवलोक हो जाने के पश्चात् आपने अन्य मुनि भगवंतों को साथ दिया। इन समस्त मुनि भगवंतों में श्री विद्याविजयजी बड़े थे, किन्तु आपस में मतमतान्तर होने के कारण आचार्य पदवी में विलम्ब होता जा रहा था किन्तु आप (श्री शांतिविजयजी) निश्चिन्त थे।

अंत में आपने श्री विद्याविजयजी महाराज को आचार्य पद दिलाने के लिये भरसक प्रयत्न किया और शुभ अवसर पर समस्त मुनिराजों को एक मत करवा कर आचार्य पद की पदवी से श्री विद्याविजयजी को सुशोभित कर दिया और पदवी के पश्चात् श्री विद्याचन्द्रसूरिजी के नाम से प्रख्यात हुए। पदवी देने के पश्चात् भी आप काफी समय तक आचार्य म. सा. के साथ रहे और सहयोग देते रहे।

तपस्वी महाराज श्री शांतिविजयजी के साथ श्री जयन्तविजयजी 'मधुकर' ने सियाणा (जालोर जिला), थराद (गुजरात), जोधपुर, भीनमाल आदि में चातुर्मास किये जिसमें धर्म कार्य, आराधना, अट्ठाई महोत्सव, ओली, महापर्व पर्युषण एवं तपस्या आदि की सर्वाधिक प्रगति हुई थी एवं धर्म प्रेमियों को व्याख्यान द्वारा धर्म प्रेरणाएँ देकर जन मानस के हृदय का परिवर्तन किया गया था।

इनके पश्चात् श्री शांतिविजयजी म. साहब ने अपने ही मुनि मंडल के साथ भीनमाल, भांडवपुर, अहमदाबाद एवं लवाणा (गुजरात) में चातुर्मास किया। इन चातुर्मास में लोगों का प्रेम अत्यधिक बढ़ता गया। धर्म प्रवृत्तियों को जागृत करके विद्यानुरागी मुनि श्री

जयरत्नविजयजी ने अपनी मृदुवाणी से धर्म हितोपदेश दिये। जनमानस अत्यधिक प्रभावित हुआ और चातुर्मास में नवकार आराधना, पर्व पर्युषण की विशाल तपस्या एवं अट्ठाई महोत्सव आदि कार्यक्रमों से निवासियों को नई दिशा दी गई। जनमानस एक मत होकर धर्म कार्य में प्रगति करने लगा और चातुर्मास शांति, धर्म प्रवृत्तियों से ओतप्रोत रहा और तप जप तपस्या के कार्यों से परिपूर्ण रहा।

आपका जीवन महान तपस्वी के रूप में है। आपने आज से करीब २२ वर्ष पूर्व एक प्रतिज्ञा (संकल्प लिया था) की थी कि जब तक मैं सम्मेदशिखरजी तीर्थ की यात्रा करके दर्शन नहीं कर लूँगा तब तक अनाज का भोजन ग्रहण नहीं करूँगा। ऐसी कठिन तपस्या के कारण आप केवल मात्र दूध या चाय का ही प्रयोग करते रहे। अब आपने सम्मेदशिखरजी की यात्रा मुनि मंडल के साथ करके अपना प्रतिज्ञा पूरी की एवं पावन तीर्थ पर अनाज का भोजन ग्रहण करके करीब २२ वर्षों की तपस्या को सफल बनाया। धन्य है आपका जीवन और ऐसे महान तपस्वी शांत मुनि योगीराज श्री शांतिविजयजी म. सा. को बारम्बार मेरी वन्दना।

आपका विक्रम संवत् २०३७ का चातुर्मास दीआवट्ट पट्टी में परम पावन महान तीर्थ श्री भांडवपुर पर हुआ था। इस तीर्थ पर चातुर्मास करने के लिये आप भीनमाल नगर से नरता, दासपा, नासोली, कोरा, उनड़ी, पोसाणा तथा मेंगलवा होते हुए भांडवपुर पधारे थे। यह चातुर्मास दीआवट पट्टी ने मिलकर करवाया था। चूंकि इस क्षेत्र में आपका यह सर्व प्रथम चातुर्मास था फिर भी यह चातुर्मास जनमानस में आज भी ऐतिहासिक स्मरणीय के रूप में उभरा हुआ दिखाई देता है।

आपने मेंगलवा गांव से विहार करके चातुर्मास के लिये विक्रम सं. २०३७ ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीय १० वीं के शुभ मुहूर्त्त में प्रातः ११ बजे भांडवपुर तीर्थ में प्रवेश किया था। तीर्थ के अजैन लोगों ने, दीआवट लोगों ने तथा आस-पास क्षेत्र के जन समूहों ने आपका सामेलां, वधामणां एवं जय जयकार के अनेक नारों से स्वागत करते हुए मंदिर में प्रभु के दर्शन करने पधारे। इस प्रकार चातुर्मास के लिये प्रवेश होने के बाद आप चार मास तक के समय में आने वाले यात्रार्थ व्यक्ति, स्थानीय व्यक्ति एवं आस-पास के निवासियों को दर्शन देकर धर्म का प्रसार करते रहे।

इस चातुर्मास के अंदर श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी से पूर्णिमा तक ९ दिन नवकार मंत्र की आराधना की गई। जिसमें ९ दिन तक सदैव एकासनों का तप किया गया। इस आराधना में अनेक नर-नारियों ने भाग लिया। इसी मास में इसके पश्चात् ही श्री महावीरस्वामी का अट्ठम का भी तप किया गया। इन दोनों तपस्याओं के अवसर पर श्री यतीन्द्र जैन बैंड मंडल थराद (गुजरात) से बैंड पार्टी तथा फोटोग्राफर (थराद) से बुलवाये गये थे। चातुर्मास में गुरु सप्तमी का पोष शुक्ला सप्तमी के दिन मेला का सादृश्य उपस्थित हुआ था। दूर दूर के लोगों ने यहाँ आकर तपस्वी मुनिराज सा. की निश्रा में गुरु सप्तमी का उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाकर अपनी यात्रा को सफल बनाई। प्रभु श्री महावीर स्वामीजी की चमत्कारिक प्रतिमाजी के पावन दर्शन, सेवा पूजा तथा शाम को भक्ति एवं श्री राजेन्द्र- गुरुदेव की आराधना करके गुरु सप्तमी को सफल बनाया। चैत्र शुक्ला सप्तमी से पूर्णिमा तक कुल ९ दिन की ओली आराधना श्री वस्तीमल भला बागोड़ा निवासी की ओर से करवाई गई। ओली में अनेक भक्तों ने आराधना करके लाभ उठाया। इस पावन अवसर पर गुड़ा बालोतान से संगीत मंडल बुलाया गया था तथा सम्पूर्ण धर्मशाला और मंदिर में बिजली की सुन्दर व्यवस्था की गई थी जो कि आस-पास के लोगों के लिये यह कार्यक्रम एक अद्भुत सा प्रतीत हो रहा था।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में नवकारसी की स्वीकृति हुई। जिसका लाभ श्री वस्तीमलजी भलाजी बागोड़ा निवासी ने लिया। इस अवसर पर दीआवट्ट पट्टी के लोग, जैन अजैन एवं अन्य स्थानों के अनेकानेक व्यक्ति आने से कार्यकर्ताओं का उत्साह दुगुना हो गया। ऐसा विशाल, सुन्दर तथा अपूर्व कार्य सम्पूर्ण चातुर्मास के कार्यक्रमों से भी अद्वितीय रहा। इस अवसर पर वरघोड़ा हाथी तथा घोड़ों को सजाकर जुलूस निकाला गया। यह जुलूस धर्मशाला के सामने बड़े दरवाजे से बाहर प्रस्थान करता हुआ गांव में प्रवेश करके पुनः मंदिर के पीछे के गेट से मंदिर में प्रवेश किया। जन समूहों के विशाल जुलूस से ऐसा मालूम होता था कि मानों एक नया नगर बस गया है और उसी की यह समस्त प्रजा आनन्दित होकर धर्म कार्य को मना रही है।

रात्रि के समय प्रकाश की सुन्दर व्यवस्था करने के लिये बाहर से बिजली वाले को बुलवाया गया था। बिजली की सजावट सम्पूर्ण धर्मशाला में की गई। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया और रंग बिरंगी रोशनी अपनी अलग ही छटा बिखेर रही थी। धर्मशाला के अन्दर से बाहर के भाग, मुख्य गेट जहाँ तक प्याऊ है इस प्रकार छोटे छोटे बल्बों से सजाया गया था जो रात्रि में इन रंग बिरंगी रोशनियों से मंदिर और धर्मशाला ऐसी लग रही थी मानों गगन का तारा मण्डल भांडवपुर के मंदिर पर उतर कर अपने ऐश्वर्य (प्रकाश) को प्रभु के चरणों में अर्पित करके विश्व विंद्य प्रभु महावीर की सेवा कर रहा है।

रात्रि में संगीत मंडली द्वारा भक्ति का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया। जिसने भी कार्यक्रम देखा लोट-पोट हो गया। हँसी के फव्वारों से सम्पूर्ण धर्मशाला आनंदित हो रही थी। अलौकिक, सुन्दर तथा नई-नई तर्जों से मृदुवाणी में भावभरे गीत, स्तवन तथा कथाएँ सुनाई जा रही थी। लोग मंत्रमुग्ध होकर शांति के साथ सुन रहे थे। ऐसा अनुपम कार्यक्रम रात्रि के करीब १ बजे तक चलता रहा। इस प्रकार आपकी निश्रा में नवकारसी का कार्यक्रम प्रातः से लेकर रात्रि के अन्त तक विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसकी चर्चा आज भी जनमानस में प्रचलित है।

चूंकि आपका दीआवट पट्टी में यह पहला ही चातुर्मास था और यह भी केवल अकेला (स्वयं के मुनि मंडल सहित ही)। किन्तु चातुर्मास का ज्यों-ज्यों समय व्यतीत होता गया त्यों-त्यों लोग आपके सम्पर्क में आकर प्रभावित होते गये। आप तो केवल जप, तप तथा धर्म क्रिया में ही लीन रहते थे किन्तु चातुर्मास के (अन्त तक यानी) पश्चात् इस क्षेत्र के समस्त जन आपके व्यक्तित्व को देखकर आश्चर्य चकित ही रह गये।

श्री महावीर जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट का गठन

भांडवपुर तीर्थ की व्यवस्था एवं पेढ़ी का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए आस पास के ग्रामों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने मिलकर एक संस्था बनाई थी जो 'श्री जैन श्वेताम्बर महावीर पेढ़ी भांडवपुर तीर्थ' के नाम से अब तक कार्य करती आ रही है।

यह संस्था दीर्घकाल से व्यवस्थित कार्य निरन्तर गति से इस तीर्थ में कर रही है, किन्तु संस्था के नियम, शर्तें, विधान आदि कुछ भी लिखित रूप में नहीं बनाये गये थे।

तपस्वी महामुनिराज त्यागी तथा शांत मूर्ति श्री शांति विजयजी म. सा. के चातुर्मास में संस्था के लिखित विधान आदि की कमी महसूस की गई और योगी मुनिराज साहब की निश्रा में उक्त संस्था के उद्देश्य, सदस्यों के अधिकार और कर्त्तव्यों का लिखित विधान बनाया गया।

इस विधान में संस्था का नाम- 'श्री महावीर जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट भांडवपुर तीर्थ तथा कार्यालय श्री भांडवपुर तीर्थ पर ही रखा गया जो पूर्व में भी ऐसा था।

इस संस्था के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

१. जैन समाज का आध्यात्मिक, भौतिक, सांस्तिक, शैक्षणिक तथा धार्मिक क्रियाओं में उत्थान करना।

२. इन सब में योगदान देकर मार्गदर्शन करना।

३. समस्त प्राणी मात्र की सेवा करना।

अ. जैन मंदिरों का निर्माण, जीर्णोद्धार कराना तथा प्राचीन गौरव को अखंड रखना एवं इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने की व्यवस्था करना।

ब. दर्शनार्थ आये यात्रियों की समुचित व्यवस्था करना। उद्देश्यों की पूर्ति के लिये कार्यों का उल्लेख करना यथा-धार्मिक अवसरों

पर चढ़ावे की बोली बोलना, चन्दा एकत्रित करना तथा दान प्राप्त करना, जमीन तथा जरूरी सामान खरीदना और जरूरत नहीं होने पर पुनः बेचना।

साधारण सभा- वर्ष में चैत्र सुदी १ एकम को प्रति वर्ष सभा होगी तथा आवश्यकता होने पर पदाधिकारियों द्वारा कभी भी बुलाई जा सकेगी। निम्नांकित गाँवों से ३१ सदस्य चुने जायेंगे। गाँवों के नाम (१) कोमता, (२) देता (३) पांथेड़ी, (४) दादाल, (५) मेंगलवा, (६) पोषाणा, (७) सुराणा, (८) जीवाणा, (९) तिलोड़ा, (१०) उनड़ी आदि।

ट्रस्ट- ट्रस्ट के ९ सदस्य चुने जायेंगे। ये लोग ट्रस्ट के पदाधिकारी कहलायेंगे। इनमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, दो मंत्री, दो कोषाध्यक्ष तथा तीन मंत्री जो प्रचार करेंगे।

पदाधिकारियों के अधिकार- अध्यक्ष- (१) कार्यकारिणी व साधारण सभा की अध्यक्षता करना। (२) पाँच सौ रुपये के खर्च तक की स्वीकृति प्रदान करना। (३) मुनीम तथा कर्मचारियों की मंत्रियों की राय के अनुसार नियुक्ति करना, कर्मचारी हटाना, वेतन वृद्धि करना तथा अवकाश आदि स्वीकृत करना। (४) विधान की व्याख्या अध्यक्ष करेगा एवं इसका फैसला सर्वमान्य होगा। शास्त्रीय मामलों में त्रिस्तुतिक संघ के श्री सूरीश्वरजी या विधान मुनिराज की आज्ञा से कार्य करेगा। (५) संस्था की आर्थिक व्यवस्था के इन्तजाम की देखरेख तथा संस्था के उद्देश्य की पूर्ति के लिये कार्य करना। (६) स्वीकृत बजट के अतिरिक्त पाँच सौ रुपये तक के खर्च का कार्यकारिणी द्वारा स्वीकृति लेना।

उपाध्यक्ष के कार्य- अध्यक्ष की अनुपस्थिति में यह कार्य करेंगे।

मंत्री- (१) साधारण तथा कार्यकारिणी सभा बुलाना। (२) कार्यालय के लेखों की जाँच करना। (३) संस्था की तरफ से पत्र व्यवहार करना। (४) वार्षिक रिपोर्ट और बजट कार्यकारिणी से स्वीकृत कराकर

साधारण सभा में प्रस्तुत करना।

कोषाध्यक्ष- (१) संस्था के आय-व्यय का हिसाब रखना तथा संस्था के लिए आवश्यकतानुसार आर्थिक साधन जुटाना। (२) हिसाब किताब की ऑडिट करना।

प्रचार मंत्री- संस्था का व्यापक प्रचार करना एवं भारतवर्ष में सर्वत्र इस तीर्थ की प्रसिद्धि कराना।

जल व्यवस्था-

इस तीर्थ पर कुओं से पानी निकाल कर पीने की व्यवस्था थी। इस मंदिर में भी एक पाताल फोड़ कुआ खुदा हुआ है किन्तु इसमें तथा आसपास के गाँवों में पीने का पानी कुछ खारा एवं भारी है जो पाचक नहीं है।

भूंडवा गाँव में पानी की कमी है जिसके कारण अधिकतर ग्रामीण निवासी तीर्थ के कुए से ही पानी भरते हैं। गाँव में एक कुआ है किन्तु पानी अधिक गहरा नहीं होने के कारण वर्षा पर ही गाँव वालों को निर्भर रहना पड़ता है।

तीर्थ के बाहर पूर्व दिशा में पानी के लिए एक बड़ा हौज बनाया हुआ है तथा दो तीन और पानी के नल लगे हुए हैं। इसमें पानी अन्दर से कुए से पाईप लगाकर बाहर लाया जाता है। क्योंकि अन्दर कुए पर पानी निकालने का इंजन लगा हुआ है। इस प्रकार की व्यवस्था तीर्थ पर लगने वाले मेलों के लिये यात्रियों की सुविधा हेतु की गई है। इस कुए की एक दो बार खुदाई भी की गई जिसके फलस्वरूप अब इसका पानी पहले जितना खारा नहीं है। इसके अतिरिक्त यात्रियों को अत्यधिक सुविधा तथा तीर्थ के विकास के लिए वर्तमान में जलदाय विभाग द्वारा पानी की सुविधा सर्वत्र गाँव में हो जाने के कारण मेंगलवा से पानी, पाईप द्वारा भूंडवा तीर्थ तक लाकर मीठे पानी की व्यवस्था की गई है। इससे यात्रियों तथा इस गाँव के ग्रामीण निवासियों को राहत मिली है। यह पानी तीर्थ के कुए से ठीक है तथा पाचक भी है। मेंगलवा गाँव में जलदाय विभाग द्वारा पानी की समुचित व्यवस्था हो जाने के कारण अब भूंडवा तीर्थ में मेले के समय हजारों संख्या में आये यात्रीगणों को किसी भी प्रकार की पानी की असुविधा नहीं रहती। पानी की समस्या पूर्णतः समाप्त हो चुकी है। अन्यथा हर मेले के समय पानी की विकट समस्या उत्पन्न होती ही रहती थी।

तीर्थ का विकास

१. तीर्थ का प्रचार- इस प्राचीन तीर्थ के प्रचार के लिये गत दो वर्षों से अत्यधिक प्रयत्न किये जा रहे हैं। इस विकास का प्रमुख श्रेय शांतिमूर्ति त्यागी एवं तपस्वी मुनिराजश्री शांतिविजयजी म. सा. तथा इनके शिष्य श्री जयरत्नविजयजी को है। आपके यहाँ पर चातुर्मास होने के पश्चात् आपने तीर्थ के विकास की बागडोर अपने हाथ में ली तथा तीर्थ के ट्रस्टियों का ध्यान भी इस ओर आकर्षित करवाया। जिसके फलस्वरूप जालोर, मोदरा, सायला तथा पांथेड़ी से आने-जाने वाली निजी बसों का इस मार्ग पर अधिक आवागमन हुआ। मुख्य मार्ग के चौराहों पर तीर्थ के नाम के बड़े-बड़े पट्ट (बोर्ड) बनवाकर लगाये गये एवं दैनिक पत्रों, पुस्तकों तथा साप्ताहिक अखबारों में तीर्थ के विज्ञापन देकर तीर्थ की प्रसिद्धि को ओर अधिक बढ़ाई गई। तीर्थ स्थल पर समस्त धर्मशाला, मंदिर में पुनः रंग करवाया गया। नई पेढ़ी मंदिर के पूर्व भाग में बाहर प्याऊ अन्दर उत्तर दिशा में कई कमरे जिसें हर प्रकार की यात्रियों के लिये सुविधामय कमरे बनवाये गये। विशाल भोजनशाला आदि की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त और भी कई सुधार किये जा रहे हैं। यह समस्त सुविधा भक्तगण दर्शनार्थ आये यात्रियों के लिए की गई है और मेले के समय तो सुविधाओं में चार चांद और भी लगा दिये जाते हैं।

भूंडवा गाँव में विद्युत नहीं आई है। अतः इस हेतु भी ट्रस्ट अथक प्रयास कर रहा है आशा है यह सुविधा भी निकट भविष्य में अतिशीघ्र हो जायेगी। ट्रस्ट के अथक परिश्रम से भूंडवा गाँव में पोस्ट ऑफिस (छोटा) का भी श्री गणेश हो चुका है। इसके पूर्व डाक आदि मेंगलवा से आदमी लेकर आता था और भूंडवा में वितरण कर पुनः मेंगलवा चला जाता था। इससे यहाँ के ग्रामीण निवासियों को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

निर्माण या रचनात्मक कार्य

आपका चातुर्मास होने के पश्चात् मंदिर के आसपास एवं बाहर परकोटे के भीतर काफी निर्माण कार्य करवाया गया।

मंदिर के दक्षिणी भाग में एक नई पेढ़ी बनवाई गई। इसी धर्मशाला के उपर व नीचे के कमरों की मरम्मत का कार्य पूर्ण करवा कर सफेदी से सुन्दर पुताई करवाई गई एवं नीचे की ओर रंग करवा कर कमरों के सामने दानदाताओं के नाम लिखवाये गये। नई पेढ़ी के सामने ही दो कमरे बनाकर रंग करवाया गया तथा नई पेढ़ी को भी रंगवा कर ऊपर सुन्दर नाम लिखाया गया।

भोजनशाला के कमरों में सुधार कर व्याख्यान हॉल बड़ा बनवाया गया। इससे व्याख्यान का लाभ अधिक



लोग उठा सकते हैं।

मंदिर के बाहर पूर्व दिशा में पड़ी हुई जमीन में उत्तर तथा पूर्व दिशा में दो धर्मशालाएँ बनवाई गई हैं जिनमें हर प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध है। चूंकि अभी निर्माण कार्य आधे से अधिक पूर्ण हो चुका है। अत: शीघ्र ही पूरा होने पर इस पर भी रंग आदि करवा कर दानदाताओं के नामों का अंकन किया जायेगा। इसी के सामने दक्षिण दिशा में दादावाड़ी के लिए जगह सुरक्षित है। अतएव इसके पश्चात् यहाँ का कार्य भी शुरू किया जाएगा।

बाहर जाते समय पहली गेट के बाद, सड़क के पास एक सुन्दर प्याउ बनाई गई है। जिसका समस्त कार्य पूर्ण हो चुका है। धर्मशाला के बिल्कुल बाहर एक पक्की पानी के लिए प्याऊ बनाई गई है जिससे राहगीरों की प्यास बुझती है। यहाँ पर एक व्यक्ति प्रात: से सांयकाल तक रहता है। जो राहगीरों एवं आने जाने वाली बसों के यात्रियों को भी पानी पिलाता रहता है।

मंदिर एवं धर्मशाला में चित्रकार द्वारा जगह जगह नाम आदि लिखवा कर दान देने वाले व्यक्तियों को प्रकाश में लाया गया है। इससे अन्य लोगों को भी दान देने की प्रेरणा मिलती है।

बड़े-बड़े बोर्ड बनवा कर तीर्थ की प्रसिद्धि करने के लिए चौराहों पर तथा मुख्य सड़क के मोड़ पर बोर्ड लगवाये गये हैं। ताकि अनभिज्ञ यात्री भी यहाँ आकर प्रभु के दर्शन सेवा पूजा से लाभ उठा सके।

मेले के अवसर पर आने वाले अत्यधिक यात्रियों के लिये भोजन बनाने हेतु मंदिर से बाहर आते समय उत्तर दिशा में विशाल भूमि को टीन से ढककर तीन चार भट्टियाँ खोद ली है, जहाँ हजारों जन समूहों का भोजन सुविधा से तैयार हो सकता है। पास ही तैयार सामग्री को रखने के लिए भंडार आदि भी बनवाये गये हैं। जिसमें खाने की वस्तुएँ आदि सुरक्षित रह सके।

यह समस्त निर्माण कार्य आप ही के सदुपदेश से किया गया है और भविष्य में भी इस पावन तीर्थ की उन्नति के लिए आपके उपदेश से रचनात्मक कार्य करवाया जाता रहेगा। आपका यह सम्पूर्ण सहयोग अत्यन्त सराहनीय है जो जन मानस के हृदय से कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

तीर्थ विकास एवं समाज अग्रणी

* शाहजी श्री अचलराजजी, गुमानमलजी, जुगराजजी, जावन्तराजजी, सुमेरमलजी-पाँथेड़ी * शा. समरथमलजी झोटा-दाधाल * शा. समरथमलजी अन्दाणी-सुराणा * शा. पुखराजजी पुनमाजी-दाधाल * शा. मनोहरमलजी अन्दाणी-सुराणा * शा. मेघराजजी जुगराजजी वोहरा-सुराणा * शा. भँवरलालजी कुन्दनमलजी बालड़-मेंगलवा * शा. बाबूलालजी लादाजी संकलेचा-मेंगलवा * शा. शिवराजजी धुड़ाजी वोहरा-जीवाणा * शा. भेरमलजी हुकमाणी-पाँथेड़ी * शा. ओटमलजी बन्दामुथा-पाँथेड़ी * शा. मिश्रीमलजी संघवी-कोमता * शा. गणेशमलजी बाफना-ऊनड़ी * शा. गणेशमलजी मिठाड़िया वोरा-ऊनड़ी * शा. जुगराजजी ओबाणी-पोषणा * शा. तिलोकचन्दजी-देता * शा. साँकलचन्दजी मुणोत-तिलोड़ा आदि।

मर्यादाओं का पालन करना है

(दिनांक १७-२-१९८४ को सूरि पद से अलंकृत होने के बाद दिया गया प्रवचन -सं.)

आचार्य जयन्तसेनसूरि

हमारी इस भारत भूमि पर हर युग में युग-युग से हमारे अपने देष के पूरे आध्यात्मिक जीवन एवं स्वयं के कल्याण का मार्ग प्रषस्त करने वाले जैन षासन के २४ तीर्थंकर हुए। इनमें अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर हुए। इनके षासन में हम अपने जीवन को सजाने संवारने के लिए तत्पर रहते हैं। परमात्मा महावीरदेव की पावन वाणी, जिस वाणी ने तड़फते जीवों का आन्तरिक कल्मष धोया है। इस

वाणी की शक्ति ने संसार के मन से निर्मल बने जीवों का मनोबल बढ़ाया है। आत्मा से कमजोर हो गये जीवों का आत्मबल बढ़ाया है, भटकते जीवों को अटकाया है और ऐसी पावन वाणी, ऐसी पावन छांव के अन्दर अपन देख रहे हैं २५०० वर्ष बीत गये हैं। अनेक धर्मधुरन्धर योगीराज हुए, ज्ञानी-ध्यानी गुरुजन हुए, तपस्वी और त्यागी आचार्य भगवन्त हुए। इन्होंने परमात्मा की वाणी का प्रभाव अपने तक लाकर छोड़ा। उनकी पावन वाणी को सुनकर देश में रहने वाले, समाज में रहने वाले, परिवार में रहने वाले तमाम जीवों को उन्होंने राष्ट्रधर्म समझाया,, समाज धर्म समझाया, पारिवारिक धर्म समझाया और आत्मधर्म भी समझाया। राष्ट्रधर्म के नाम पर राष्ट्रधर्म को सुनकर, राष्ट्रधर्म की बात देखकर मेवाड़ के भामाशाह याद आते हैं। राष्ट्रधर्म की बात सुनते हैं तो देश के अन्दर अनेक विरले पुण्यवान पुरुष हमारे सामने आते हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था। ऐसे हमारे धर्मवीर, ऐसे समाज में सारी की सारी व्यवस्था में सर्वस्व लगाने वाले सारे केवल जैन ही नहीं अपने धर्म पर अपने धन का सदुपयोग करने वाले इतिहास के पन्ने पलटने पर महान व्यक्ति याद आते हैं। वस्तुपाल, तेजपाल, विमलशाह जैसे उन नरवीर का नाम याद आता है, इतिहास के पृष्ठों पर जिन्होंने पूरे समाज का भेदभाव रखे बिना हर मानव, समाज के लिए अपनी लक्ष्मी का सदुपयोग करके जिनेश्वरदेव की वाणी, गुरुजनों के उपदेश को इस जगत के अन्दर साकार करके दिखा दिया। अब हम देखते हैं श्री आनन्दघनजी महाराज, उपाध्यायश्री यशोविजयजी महाराज जिन्होंने अपने जीवन के अन्दर त्याग पथ पर चलकर हमारे अपने पथ को प्रशस्त किया है। आचार्य श्री हरिभद्रसूरिजी, आचार्य बलदेवसूरिजी, आचार्य सिद्धसेनसूरिजी जिन्होंने हमारे अपने इस शासन के अन्दर परमात्मा की वाणी को जाज्वल्यमान बनाये रखने का जीवन-भर पुरुषार्थ करने में कोई कमी नहीं रखी है। ऐसे परमात्मा की पावन वाणी का यह सुन्दर प्रकाश पाने के बाद निश्चय ही सृष्टि का जीवन इसी तरह से प्रकाशमान रहना चाहिए। प्रकाशमान जीवन बनाने के लिए व्यक्ति को अपने जीवन का निरीक्षण करना होगा। अपनी जीवन की मर्यादाओं का नियमन करना होगा। अपनी मर्यादाओं में उसे रहना होगा और मर्यादासीन होकर के अपने आपको अपने जीवन विकास के अन्दर लगाना होगा। जीवन विकास के पथ पर समय-समय पर हमें हमारे ऐसे क्रियोद्धारक आचार्य भगवन्त हुए जिन्होंने क्रिया का समय-समय पर उद्धार किया है। हमारे सामने वर्तमान में बासवीं सदी के प्रबल समर्थक समर्थ शासन प्रभावक जिनका ज्ञान अलौकिक जिनका ध्यान अद्भुत, जिनका अपना सारा चारित्र उत्कृष्ट और जिनके जीवन उद्देश्य सदा निर्दोष रहे हैं। ऐसे परम उपकारक गुरुदेव भगवन्त श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी महाराज हुए हैं। जिनका हमें हमारे जीवन के अन्दर विकास करने के लिए मार्गदर्शन मिला। वो हमें मार्ग दिखाकर चले गये। चले गए नहीं, गुरुदेव आज भी मौजूद हैं, हमारे सामने प्रत्यक्ष हैं। हम याद करें कि हमारे सामने हाजिर हैं। जिन्होंने शासन, संघ, समाज ही नहीं पूरे देश का हित कल्याण और प्रेम का लक्ष्य रखा और सारे देश की जनता को समय आने पर उनके धर्म चारित्र का उपदेश दिया। ताज्जुब करेंगे गुरुदेव वैदिक समाज में प्रवचन देते थे, जगह-जगह पर उन्होंने गीता पर भी अद्भुत प्रवचन दिए। कहीं-कहीं के लोग हमें यहाँ आकर कहते हैं कि वहाँ भी श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी महाराज आये थे, हमको गीता का उपदेश दिया। जहाँ कहीं भी गए जिस किसी प्रकार का श्रोता मिला, श्रोता की भावना के अनुरूप गुरुदेव ने जगत के जीवों को कल्याण का पथ बतलाया। हमारे पूर्वाचार्य श्रीमद्विजय धनचन्द्रसूरीश्वरजी हुए जिन्हें लोग प्रज्ञा चक्रवर्ती के नाम से जानते हैं। जिनका ज्ञान, जिनकी कल्पनाशक्ति और जिनका अपना चिन्तन वे सब इतना असाधारण था कि जिसके सामने अच्छे-अच्छे

विद्वान हतप्रभ हो जाते थे और उसी के क्रम में उनके बाद शान्तमूर्ति, साहित्य विशारद, आचार्य भगवन्त हुए हमारे श्रीमद्विजय भूपेन्द्रसूरीश्वरजी जिनका कितना अबाध ज्ञान था, जिनकी कितनी अलौकिक ज्ञान प्रतिभा थी। संकृस्त के काव्य शास्त्र में वे इतने निष्णात थे कि दूर खड़ा कोई पण्डित संकृस्त का काव्य बोलता तो उसके काव्य के अन्दर कोई कहीं पर भी अगर ह्रस्व, दीर्घ या कहीं पर काना मात्रा का अंशमात्र भी दोष दिखता तो उसी समय कहते भाई आप गलत बोल रहे हैं, इसमें एक मात्रा लगाइये, इस वाक्य को दीर्घ कीजिये। इसको ह्रस्व कीजिये। इतना उनको गम्भीर ज्ञान था कि दूर से भी सुनते और सुनकर उसके अन्दर खलना को उसी समय सुधार देते और अपने स्वयं की शान्त प्रति, अपने स्वयं के शान्त-स्वभाव के कारण ये वीर गुरुदेव के सशक्त प्रशासन को अपने स्वयं के जीवन में अच्छी तरह से उद्वहन करते हुए आगे बढ़ते गये। इनके पथ पर हमारे गुरुदेव परम उपकारी व्याख्यान-

वाचस्पति जिनकी गम्भीर स्थिति, गम्भीर परिनामी श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी महाराज हुए । जिन्होंने अपनी ज्ञान शक्ति से अपने स्वयं के एक दृढ़ासन के बल पर गुरुदेव श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी ने जितने ग्रन्थ लिखे थे, गुरु महाराज हस्तलिखित छोड़कर पधार गए थे । उन ग्रन्थों को प्रकाश में लाने का, उन ग्रन्थों को समाज में ले जाने का दूर-दूर तक पहुँचाने का अगर श्रेय है तो श्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी महाराज को है । जिन्होंने गुरुदेव के इस गच्छ के अन्दर रहकर बचपन से अर्पित होकर आजीवन गुरुगच्छ की प्रभावना, गुरुगच्छ की महत्ता, शासन की जगह-जगह सुरक्षा की स्थिति में अपना सम्पूर्ण योग दिया । उन्होंने अपने जीवन में जन-सम्पर्क पसन्द नहीं किया । जनसम्पर्क से वे हमेशा दूर रहे । अधिक से अधिक वे गुरुदेव के साहित्य को जगत में कितना अच्छा, कितना ऊपर बनाया जा सके उसी में वे जीवन भर लगे रहे और उसी का फल, परिणाम है कि आज अगर हमारी समाज का लिखा हुआ साहित्य है उस साहित्य के अन्दर से यतीन्द्रसूरीश्वरजी महाराज के हाथ का लिख हुआ उनका सम्पादित करके छपाया हुआ साहित्य निकालकर अलग रख दें तो हमारी समाज के पास कोई ग्रन्थ नहीं मिल सकता है । हो जाय दो पाँच दस पुस्तकें लेकिन यतीन्द्रसूरीश्वरजी महाराज ने सैंकड़ों की तादाद में ग्रन्थों का प्रकाशन करवाकर साहित्य जगत के अन्दर सर्वत्र गुरुदेव के नाम को रोशन कर दिया । उनके पथ पर शान्तमूर्ति आचार्यदेव श्रीमद्विजय विद्याचन्द्रसूरीश्वरजी महाराज हुए । शान्तमूर्ति थे, सरल स्वभावी थे, शासन की उनके अन्दर लगन थी । गुरुगच्छ की महिमा को विस्तृत करने की उनके दिल में भावना थी । गुरु महाराज का सन्देश, गुरु महाराज का गच्छ, गुरु महाराज का समुदाय, गुरु मर्यादाओं का अच्छा संरक्षण हो और उसका अच्छा विकास हो, यही उनके दिल के अन्दर की भावना थी और उसी भावना के अनुरूप हमको उन्होंने स्वयं ने प्रसन्न होकर कहा कि जाओ भाई दक्षिण भारत में और गुरुदेव का झण्डा फहरा कर आओ । उन्होंने हमें भेजा था, इसी से आप जान सकते हैं कि उनके दिल के अन्दर गुरुगच्छ के विकास, विस्तार और गुरु महाराज के सिद्धान्तों के प्रचार की कितनी भावना थी ! हमारे देव व पूर्वाचार्य हमें मार्ग बताकर चले गये । अब जवाबदारी आप और हम पर है । आप सभी ने मिलकर के निर्णय लिया कुलपाकजी तीर्थ पर निर्णय लेकर मेरे पास आये थे । मैंने उस समय कह दिया था कि भाई यह बात मैं स्वीकार नहीं करूँगा कारण कि मेरे दिल में यह भावना थी कि सब मुनि मण्डल निर्णय लें और मिलकर हमारा काम करें । सम्मेदशिखरजी और दूर-दूर से घूम-घूम कर हम राजस्थान आ गये ! गुरुदेव को क्या मन्जूर था मालूम नहीं, लेकिन संघ, चतुर्विध संघ ने मिल करके जो एक जवाबदारी मेरे ऊपर डाली है गुरु महाराज के गच्छ की सुरक्षा की । मैं आप सभी को मुख्य रूप से यह कहूँ कि मुझे जवाबदारी दे दी है उसके बाद आपकी जवाबदारी अब बढ़ गई है । आप यह न समझ लें कि एक को पहना दिया अब वो अपने आप लेकर घूमता रहेगा । गुरुगच्छ की में सारी मर्यादाओं की सुरक्षा में सहयोग देने का काम संघ का है । हमारे साधु-साध्वी मण्डल जो कि साधु मण्डल की हमारी अपनी जो भी मर्यादाएँ हैं उन मर्यादाओं के विषय में हमने बैठकर, साधु-साध्वी मण्डल ने हर बातों के ऊपर हमारा अपना निर्णय हमारी भावनाएँ व्यक्त की और अपनी लाइन में कैसे स्थिर रहेंगे इस विषय में हमने तय कर लिया है । मूलभूत बातें हमें सम्भालनी है, हम सम्भालेंगे । मंच को सम्भालने की बातों का ध्यान रखें । मैंने कहा था कल भी, हमारे अपने यहाँ पर आप लोग साधुओं के साथ में या अपने हर समय इतना ही सम्पर्क रखें जितना अपने जीवन विकास में आवश्यक हो । हमारे साधु मण्डल या साध्वी मण्डल को आप ज्ञान-ध्यान-समृद्ध कर सकते हैं। ज्ञानवान है तो जरूर बैठकर उन्हें ज्ञान दीजिए लेकिन हमारे साधु-साध्वी के पास में इधर-उधर की कोई भी कर्मबन्ध करावे ऐसी बातें न करें । साथ में हमारे अपने साधु-साध्वियों के पास जहाँ ठहरे हों, वहाँ कोई भी श्राविका, अपने घरों में सूचना दीजिये, आप अपनी बच्चियों को समझाइये कि साधु-साध्वियों के मुकाम पर संध्या होने के बाद चाहे वन्दन हो, चाहे मिलना हो कभी भी हमारे यहाँ कोई भी औरतें आने का काम न करें और साथ में अकेली औरतें प्रवेश न करें । कारण हमारे अपने स्वयं के जीवन के अन्दर अपने आपको सम्भालना है । हमारे अपने समुदाय को ऊँचा उठाना है। उसी प्रकार साध्वी मण्डल ठहरा हो वहाँ पर भी श्रावकों का कर्त्तव्य है कि संध्या हो गई, रात पड़ने आ गई श्रावकों को साध्वियों के उपाश्रय में कभी प्रवेश करना नहीं । कारण गुरुदेव ने अपनी २५ कलमों में यह कलम स्पष्ट लिखी हम उस कलम को भूल जाते हैं । हम कहते हैं साधु शिथिल होते हैं लेकिन श्रावकों को पालन करने की कलम श्रावक खुद भूल रहे हैं । आप गुरु महाराज क ी इन कलमों पर थोड़ा ध्यान करलें । गुरु महाराज की कलमों का हमारे साधु-साध्वी पूर्ण रूप से पालन कर सकते हैं । मैं उसका वाचन साधु-साध्वी मण्डल में बैठकर करूँगा और उसके साथ गुरुदेव की कलमों का हर गुरु सप्तमी को फिर

सकल संघ के बीच में पूरा वाचन होगा, पूरे संघ को सुनाया जाएगा कि गुरुदेव ने हमें क्या कहा है। हम संघ के लोग क्या कर रहे हैं। आप लोगों को सुन करके समझाना होगा, ध्यान देना होगा कि सच में गुरुदेव ने हमें सिखाया है, उसकी गच्छ व्यवस्था और उसकी रक्षा हमें करना है और उसी तरह से देखना यह है कि आप आज दिन तो जो कुछ भी जिसको जँच गया और मन आया उसे दे मारा, उसी ने छपा दिया, उसी ने प्रकाशित कर दिया और समाज को ऊँचा ले जाने का लक्ष्य ही भुला दिया। आज के बाद में सारे समस्त श्रीसंघ चतुर्विध संघ को मेरी तरफ से गुरुदेव की साक्षी से निवेदन है कि किसी तरह का संघ के किसी अंग पर कोई भी उनके जीवन के ऊपर किसी तरह का गलत असर करे, उनकी आत्मा को ठेस पहुँचे ऐसा इस प्रकार का कोई कार्य न करें। ऐसे कार्यक्रम के पथ पर अपने आपको न चलाएँ, इसी में अपने संघ, समाज का विकास है। अपने समाज का हित और अपने समाज की उन्नति है। उसी के साथ-साथ में मुख्य रूप से कहूँ गुरुदेव के स्वर्गवास के बाद में जब से मुझे आजाद घूमने का, अलग रहने का मौका आया और मैंने अलग विहार किया है, तब से मेरे साथ मेरे अपने सहयोग से मुनिराजश्री शान्तिविजयजी महाराज एवं पुण्यविजयजी महाराज का सहयोग मेरे जीवन के अन्दर स्मरणीय रहेगा। उन्होंने मेरे कठिन पलों का, मेरी अपनी कठिनाइयों में, मेरी अपनी समस्त मुसीबतों में मेरे मार्ग को कभी भी किसी तरह से अन्धकारपूर्ण नहीं होने दिया। मेरे मार्ग को हमेशा उन्होंने प्रशस्त किया है और मुझे हमेशा हिम्मत दी और मुझे अपने पथ पर पूर्ण रूप से चलते रहने का साथ और सहयोग दिया। मैं आज उनको भी नहीं भुला सकता हूँ। साथ ही समाज के समस्त प्रत्येक भाई-बहन गुरुदेव के द्वारा, गुरुदेव ने जो-जो हमारे सामने समाज के हित और विकास के लिए कार्यक्रम बताए हैं, कार्य प्रणालियाँ बताई है उन कार्य प्रणालियों को हमें बराबर पूर्ण रूप से व्यवस्थित कर उन्नतिशील करना है, रखना है और जारी रखना है। गुरुदेव की अन्तिम संध्या के समय जो संस्थाएँ आज समाज में चल रही है उन संस्थाओं को समाज का हर व्यक्ति सहयोग देकर गुरुदेव के दिल में जो भावना थी, जो धारणा थी, जो उनकी कामना थी और कल्पना थी उसको साकार करने में पूरा-पूरा योग दें। साथ ही मैं भविष्य में समाज के सामने कुछ कार्य करने की बात कहता हूँ। समाज के हित और विकास के लिए समाज में कुछ ऐसे संघ बनाना चाहता हूँ। संघ के सहयोग से कि जिससे ये मौका न आवे कि साधुओं के पास जाओ तो पैसे की बात करते हैं। जहाँ चातुर्मास हो वहाँ भेज दो वहाँ भेज दो ये चर्चा करते हैं। मैं इस चर्चा को भी चलाने देना नहीं चाहता हूँ और इसीलिए समाज का एक बहुत बड़ा भारी फण्ड गुरु राजेन्द्र फाउण्डेशन से एक ट्रस्ट में शुरू करने वाला हूँ। समाज के हर व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि उस फण्ड के अन्दर सहयोग दें। उस फण्ड से आने वाली निधि का ब्याज समाज के हर छोटे बड़े गाँव में जहाँ मन्दिर, उपाश्रय, जीर्णोद्धार की आवश्यकता हो उसकी एक मुश्त से एक वर्ष में एक गाँव के काम को पूरा करवा दिया जाय जिससे कि जगह-जगह लोगों को जाना नहीं पड़े। उसी प्रकार से एक ट्रस्ट और बनाना चाहता हूँ। आज मैं अपनी भावना बता देना चाहता हूँ, सहयोग आपका काम आयेगा, मेहनत मेरी काम आयेगी। अब मैं जो यह बनाने की सोच रहा हूँ। समुदाय के अन्दर चतुर्विध संघ में जो कोई अच्छा लेखक हो साधु-साध्वी कोई अच्छा ग्रन्थ लिखे उन ग्रन्थों के प्रकाशन के लिए हमें किसी को कहना नं। समाज का ही ट्रस्ट हो, समाज के ही सम्भालने वाले हों उस ट्रस्ट के माध्यम से किताबों का प्रकाशन हो और वह ट्रस्ट ही सारे साहित्य को पहुँचाने की सारी जगह प्रचार करने की व्यवस्था रखे और अपना काम करे। इस प्रकार

का दूसरा ट्रस्ट मैं श्री राजेन्द्र जैन ज्ञान ट्रस्ट के नाम से बनाने जा रहा हूँ। ये मेरी भावना है। जो ट्रस्ट बना है उसका नाम बन गया है, कार्यरत हो गया है। वो ट्रस्ट है- गुरु राजेन्द्र कल्याण ट्रस्ट है। उस ट्रस्ट का कार्यक्रम शुरू हो गया, रजिस्ट्रेशन हो गया है। उसके अन्दर रहने वाली रकम से समाज के मध्यमवर्गीय भाइयों को, समाज के कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को धन्धे के लिए और पढ़ाई के लिए उसमें से उनको बराबर दिया जायेगा। समाज का कोई व्यक्ति समाज के सामने किसी का मुँह ताकता फिरे नहीं, किसी के सामने हाथ फैलाता फिरे नहीं और किसी प्रकार की परेशानी उठानी नहीं। इस प्रकार का यह ट्रस्ट जो कार्यरत हो गया है। इसकी सारी की सारी उपलब्धि वर्ष भर में, दो वर्ष में मालूम पड़ेगी कि ट्रस्ट ने कितना कार्य किया उसी के साथ मैं आज समस्त गुरुदेव के इन गुरुभक्तों को बता दूँ, आज अपने जीवन में हमने जो कुछ भी पाया, हमने जो कुछ भी सीखा है और सीखने का काम किया है सच पूछो तो वर्तमान के पिछले तीन वर्षों का वातावरण देखते हुए मामूली आदमी टिक नहीं सकता है।

लेकिन मेरे आत्मबल, मेरे को जो ज्ञान बल, मेरे को जो समझ का बल दिया है वो सच में अहमदाबाद के अन्दर रहकर मैंने तीन वर्ष अध्ययन किया, गगलभाई ने मेरी पूरी देखरेख करी। मुझे शिक्षा देने वाले, मुझे ज्ञान देने वाले पण्डित शान्तिलालजी शाह और पण्डित धीरजलालजी शाह जो आज इस प्रसंग पर अहमदाबाद से चलकर आये उनके द्वारा मनोबल बढ़ाने का, उनके द्वारा आत्मबल बढ़ाने का, आत्म-जागृति का मुझे समय-समय पर बराबर ज्ञान मिलता रहा। उन्होंने मुझे ज्ञान दिया सारी दुनियाभर की आन्धियाँ आती रही, उसका मेरे आत्मबल पर कोई असर नहीं हुआ। उसी प्रकार भविष्य में आप समस्त श्रीसंघ का परम कर्तव्य है समाज एकता, समाज में संगठन, समाज में किसी भी प्रकार से कोई विवाद नहीं हो, ऐसी स्थिति निर्मित करने का संकल्प करना है, ऐसी स्थिति में ही हमें संघ को उन्नतिशील बनाना है। इस प्रसंग पर भी आए हुए राजस्थान विधानसभा के स्पीकर और लोकसभा के सदस्यों ने अपनी-अपनी भावना व्यक्त की और राष्ट्र व जनकल्याण कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। मैं उसके विषय में भी एक भावना संघ के सामने रख दूँ कि भाण्डवपुर तीर्थ छोटासा एक गाँव के रूप में है। भाण्डवपुर तीर्थ के आसपास में निकट में एक अच्छा स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है जो जनहित का सबसे बड़ा काम कर सकता है। अनेक प्रकार के रोगों, अनेक प्रकार के दर्दी जो दीन स्थिति में, सामान्य स्थिति में हों उसका लाभ उठा सकें, मैं अपनी भावना रखता हूँ, संघ के सामने यह बात कहता हूँ कि यहाँ भाण्डवपुर तीर्थ के अन्दर अपने को एक महावीर जैन अस्पताल या महावीर सार्वजनिक हॉस्पीटल भवन बनाना चाहिये। मैं विधानसभा स्पीकर, विधानसभा सदस्य और एम. पी. सा. से निवेदन करता हूँ कि भवन बनाने की जवाबदारी श्रीसंघ लेता है तो अस्पताल खोलने की जवाबदारी आप लेकर अस्पताल बनवाएँ ताकि इस प्रसंग की हमेशा याद रहेगी, आम जनता का कल्याा होगा। जनता लाभान्वित होगी और सारी की सारी अपने इस संघ के गुण गायेगी। इसीलिए मेरी यह बात संघ के सामने मुझे कहनी थी। मेरे ये भाव मेरे उद्गार व्यक्त किए हैं। आपको मैं यह जो कह रहा हूँ उसी के साथ-साथ अब जब इस बात को देख रहे हैं भाण्डवपुर तीर्थ के अन्दर इस कार्यक्रम को आयोजित किया, मुनिराज श्री शान्तिविजयजी ने कार्यक्रम को किस तरह से सुन्दर, गुरुगच्छ जैन शासन की शोभा बढ़े ऐसा कार्य करने में सन्तोषप्रद परिश्रम किया। आज सब देख रहे हैं संघ का साथ है, इधर इन मुनियों का साथ एवं मार्गदर्शन था, उस मार्गदर्शन में आप सभी ने मिलकर ये काम किया। हमारे मुनि संघ में आज आपके सामने बैठे हैं, हम सबमें दीक्षा में और उम्र में बड़े हैं, वडील हैं। उन शान्तिविजयजी महाराज को मैं इस प्रसंग की शुभ स्मृति में, इस प्रसंग पर अपने स्वयं के भाव प्रगट करता हूँ और श्रीसंघ के सामने कहता हूँ कि उनका मान, सन्मान, बहुमान श्रीसंघ को पूर्णरूप से रखना है। और साथ में मैं उनको आप सभी जानते हैं उनको दीक्षा लिए ३७-३८ वर्ष हो चुके हैं। हमारे सब में आज वर्तमान में बैठे मुनियों में वयोवृद्ध ये हैं। हमारे इन मुनियों के अन्दर संयमवृद्ध भी ये हैं और इसीलिए मैं अपने तरफ से हमारे अपने साधु-साध्वी चतुर्विध संघ की ओर से आपको आज 'संयम स्थविर' पद से विभूषित करता हूँ, आप सभी लोग इनको 'संयम स्थविर' पद से 'संयम स्थविर' नाम से पहचाने जाने उनका मान, सन्मान, बहुमान करें। मैं इसी के लिए इसी पद के साथ आपश्री को कम्बली अपनी ओर से समर्पित करता हूँ। आप सभी गुरुभक्ति, गुरुगच्छ के इस माहौल के अन्दर बैठे हैं। (शाश्वत-धर्म सूरि पद पाटोत्सव विशेषांक से -सम्पादक)

इस प्रश्न पर विचार करने से पूर्व यह आवश्यक है कि सर्वप्रथम श्री भाण्डवपुर जैन तीर्थ का संक्षिप्त परिचय प्राप्त कर लिया जावे। परिचय या इतिहास इस प्रकार बताया जाता है-

सूरिपद पाटोत्सव भाण्डवपुर में ही क्यों?

-मुनिराजश्री जयरत्नविजय

भाण्डवाजी अथवा भाण्डवपुर नामक ग्राम जोधपुर से रानीवाड़ा जाने वाली रेलवे लाईन के मोदरा स्टेशन से लगभग ३० कि.मी. की दूरी पर उत्तर पश्चिम में स्थित है। इस ग्राम को काफी प्राचीन बताया जाता है। सबसे पहले जालोर के परमार भाण्डुसिंह ने इसे बसाया और इस पर शासन किया था। समय के प्रवाह के साथ वि. स. १३२२ में बावतरा के दय्या राजपूत बुहड़सिंह ने परमारों को परास्त कर इस पर अपना अधिकार कर लिया जिससे कालान्तर में प्रान्त का नाम ही दियावट पट्टी हो गया। वि. सं. १८०३ में जोधपुर नरेश रामसिंह ने दय्या लुम्बाजी से इसे छीन कर समीपस्थ आसाणा ग्राम के ठाकुर मालमसिंह को दे दिया।



विक्रम की सातवीं शताब्दी में इस क्षेत्र में बेसाला नामक नगर था जिसमें श्वेताम्बर जैनों के सैंकड़ों घर थे। वहाँ एक भव्य मनोहर विशाल सौंध शिखरी जिनालय था। एक स्तम्भ पर 'सं. ८१३ श्री महावीर' लिखा हुआ मिलता है। इससे इसकी प्राचीनता प्रमाणित होती है।

बेसाला पर मेमन ठाकुरों के नियमित आक्रमण होते रहने से यहाँ के निवासी अन्यत्र जा बसे। डाकुओं ने यहाँ के मन्दिर पर भी आक्रमण और उसे तोड़ डाला। किसी प्रकार प्रतिमाजी को बचा लिया गया। किंवदन्ती के अनुसार कोमता के निवासी संघवी पालजी की प्रतिमाजी को एक गाड़ी में विराजमान कर कोमता ले जा रहे थे कि गाड़ी भाण्डवा में आकर रुक गयी और सभी प्रकार के प्रयत्न करने पर भी गाड़ी नहीं चली, तब सभी निराश हो गये। रात्रि में पालजी को स्वप्न आया कि प्रतिमा को यहीं विशाल मन्दिर बनवाकर विराजमान कर दो। स्वप्न के अनुसार पालजी संघवी ने यह मन्दिर वि. सं. १२३३ माघ शुक्ला ५ गुरुवार को बनवाकर उत्साहपूर्वक प्रतिमाजी की स्थापना कर दी।

इसका प्रथम जीर्णोद्धार वि. सं. १३५९ में और द्वितीय जीर्णोद्धार वि. सं. १६५४ में दियावट पट्टी के श्री जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ ने करवाया था।

महान ज्योतिर्धर परम क्रियोद्धारक प्रभु श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. जब सं. १९३५ में आहोर में पधारे तो समीपवर्ती ग्रामों के निवासी श्री संघ ने उक्त प्रतिमा को यहाँ से उठाकर अन्यत्र विराजमान करने की प्रार्थना की। इस पर गुरुदेव ने प्रतिमा को यहाँ से नहीं उठाने और इसी चैत्य का विधिपूर्वक पुनरुद्धार कार्य सम्पन्न करने को कहा। गुरुदेव ने सारी पट्टी में भ्रमण कर जीर्णोद्धार के लिए उपदेश भी दिये।

पूज्यपाद व्याख्यान-वाचस्पति, तीर्थोद्धारक, श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. ने भी स्थान- स्थान के जैन श्रीसंघ को इस विषयक उपदेश दिया और इस तीर्थ के अन्तिम तृतीयोद्धार को आपने वि. सं. १९८८ में प्रारम्भ करवाया जो कि वि. सं. २००७ में पूर्ण हुआ। इसकी प्रतिष्ठा का महामहोत्सव वि. सं. २०१० ज्येष्ठ शुक्ला १० को दसदिनावधिक उत्सव के साथ सम्पन्न हुआ था।

संघवी पालजी के वंशजों की ओर से आज भी प्रति वर्ष ध्वजा चढ़ाई जाती है। अभी भी यह चमत्कारिक स्थल माना जाता है व हजारों जैन व जैनेतर यहाँ की मानता रखते हैं। प्रति वर्ष चैत्र शुक्ला १३ से पूर्णिमा तक व कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है। तब हजारों भक्तगण आकर प्रभु भक्ति में तल्लीन होते हैं। एकान्त जंगल में विशाल परकोटे के मध्य स्थित इस प्राचीन भव्य जिनालय के मन्दिर में प्रतिमा की कला अति ही आकर्षक है। तीर्थाधिराज श्री महावीर भगवान श्वेत वर्ण पद्मासनस्थ हैं।

यहाँ ठहरने के लिए मन्दिर के अहाते में ही विशाल धर्मशाला है, जहाँ पानी, बर्तन, बिस्तर व भोजनशाला की सुविधा उपलब्ध है। इस तीर्थ की देखभाल के लिए एक पेढ़ी है जिसका पता इस प्रकार है- श्री महावीर जैन श्वेताम्बर पेढ़ी, गाँव- भाण्डवपुर, पोस्ट- मेंगलवा, जिला- जालोर (राजस्थान) तारघर- सायला, टेलिफोन- भी है। प्रत्येक धर्मप्रेमी को कम से कम एक बार अवश्य ही इस तीर्थ भूमि के दर्शनों का लाभ अवश्य लेना चाहिए।

तीर्थ का इतिहास जान लेने के पश्चात् यह स्पष्ट हो गया है कि यह तीर्थ राजस्थान के जालोर जिले में एकदम जंगल में स्थित है जहाँ आवागमन के साधन भी सुलभ नहीं हैं। ऐसे स्थान पर सूरि पद प्रदान पाटोत्सव का आयोजन क्यों रखा गया ? यह प्रश्न लगभग प्रत्येक जिज्ञासु के मस्तिष्क में आया। इस प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास यहाँ किया जा रहा है।

विश्ववंद्य प्रातःस्मरणीय पूज्य जैनाचार्य श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. की यह क्षेत्र तपोभूमि रही है। श्रीमद् के हृदय में इस क्षेत्र का जीर्णोद्धार कर एक विशाल तीर्थ के रूप में विकसित करने के भाव थे। यही कारण है कि उस समय आपश्री ने प्रतिमाजी को अन्यत्र स्थानन्तरित करने के लिए अपनी असहमति व्यक्त करते हुए यहीं मन्दिर निर्माण का सुझाव दिया और इस कार्य के लिए अपने भक्तों को प्रोत्साहित भी किया। आपश्री के पश्चात् आपके विद्वान शिष्य एवं पट्टधर पूज्यपाद श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. ने यहाँ के कार्य को सम्भाला और जीर्णोद्धार भी करवाया। आपश्री के उपदेश से यहाँ बहुत कुछ विकास कार्य हुए। प्रतिष्ठा कार्य भी और निर्माण कार्य भी।

स्व. आचार्य श्रीमद्विजय विद्याचन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. की यहाँ रहने की भावना थी। यहाँ रहने की भावना के पीछे आपका उद्देश्य इस तीर्थ को विकसित करना था किन्तु उनकी यह भावना भी उनके जीवन काल में पूर्ण नहीं हो सकी। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूज्य आचार्य भगवन्तों की भावना इस तीर्थ को विकसित करने की रही और वही भावना परम पूज्य संयमवयः स्थविर मुनिराजश्री शान्तिविजयजी म. सा. की भी रही। जब-जब भी जहाँ-जहाँ भी संघ की बैठक हुई श्रावकों का मिलना हुआ पूज्य मुनिराजश्री तीर्थ के विकास के लिए सदैव प्रेरणा देते रहे और बताते रहे कि हमारे आचार्य भगवन्तों की भावना इस तीर्थ के प्रति क्या थी। वास्तव में इस तीर्थ के प्रति मुनिराजश्री ने श्रीसंघ में जागृति उत्पन्न की यह निर्विवाद है।

इसके अतिरिक्त प. पू. आचार्य श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. 'मधुकर' का भी इस तीर्थ के प्रति अटूट प्रेम है तथा इस तीर्थ को सर्वदृष्टि से विकासशील बनाने की भावना भी आपश्री की है। अतः पूज्य आचार्य भगवन्तों के स्वप्न को साकार रूप देने के लिए अ. भा. श्री बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ की सम्मति से एवं समस्त मुनिमण्डल एवं साध्वी मण्डल की सहमति से परम पूज्य संयम स्थविर मुनिराजश्री शान्तिविजयजी म. सा. ने सूरि पद प्रदान पाटोत्सव का मुहूर्त्त ज्येष्ठ शुक्ला १० सं. २०३९ दिनांक २०-६-८३ को श्री जैन श्वेताम्बर सकल श्रीसंघ को प्रदान किया। तदनुसार पाटोत्सव भाण्डवपुर में रखा गया। इस प्रकार मुनिराजश्री शान्तिविजयजी म. सा. की प्रेरणा मुख्य रही। इसके साथ ही मुनिराजश्री की प्रेरणा और उनके श्रम एवं सहयोग से यह पाटोत्सव भाण्डवपुर में आयोजित हुआ।

(शाश्वत-धर्म सूरि पद पाटोत्सव विशेषांक से -सम्पादक)

अहमदाबाद से भाण्डवपुर तक

आचार्य भगवन्त श्रीमद्विजय विद्याचन्द्रसूरीश्वरजी के दिवंगत होने के पश्चात् समाज में एक सूनापन आ गया था। उनके पाट पर किसे विराजित किया जावे ? इस विषय को लेकर कुछ विवाद भी चला। ऐसा भी लगने लगा कि कहीं समाज में बिखराव नहीं आ जावे। इसी बीच कुछ स्वार्थी तत्त्वों ने अपना खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया किन्तु पूज्य गुरुदेव की कृपा से वे अपना स्वार्थ पूरा ना कर सके। समाज की बिगड़ती स्थिति को देखकर अनेक समाज हितैषियों के मन में चिंता व्याप्त हो गई। इसी बीच सौधर्मबृहत्तपोगच्छीय अ. भा. त्रिस्तुतिक संघ के अध्यक्ष श्री गगलदास हालचन्द संघवी परम पूज्य संघ स्थविर शांत स्वभावी मुनिराजश्री शांतिविजयजी म. सा. की प्रेरणा से उन्हीं के पावन सानिध्य में अहमदाबाद में सकल श्रीसंघ के एक सम्मेलन का दि. १०-१०-८१ से ११-१०-८१ तक का आयोजन किया। अन्य विचारणीय विषयों के अतिरिक्त इस सम्मेलन में भावी आचार्य कौन हो। इस



विषय पर भी विचार किया और एक समिति भी इस हेतु गठित की गई। यह अहमदाबाद सम्मेलन जिस उद्देश्य को लेकर बुलाया गया था उस दृष्टि से पूर्ण रूप से सफल रहा। इसके पश्चात् अहमदाबाद में गठित समिति की एक बैठक निम्बाहेड़ा (चितौड़-राज.) में हुई।

इन दो आयोजनों में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। यद्यपि कार्य को गति अवश्य मिली। इसी बीच विघ्नसंतोषियों की कार्यवाही बढ़ चली। ये सब कार्य हो ही रहे थे कि इसी बीच दक्षिण भारतीय त्रिस्तुतिक जैन संघ के अध्यक्ष श्री पन्नालालजी रामाणी के आमन्त्रण पर अखिल भारतीय श्री सौधर्मबृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ का सम्मेलन दि. २६-२७ नवम्बर ८२ को आंध्रप्रदेश के पावन जैनतीर्थ श्री कुलपाकजी पर हुआ। जिसमें समस्त भारत से लगभग १३० श्रीसंघों ने भाग लिया और इस सम्मेलन में एक स्वर से परम पूज्य मुनिराज श्री जयन्तविजयजी 'मधुकर' को परम पूज्य गुरुदेव श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी की परम्परा में परमपूज्य श्रीमद्विजय विद्याचन्द्रसूरिजी के पाट पर आचार्य घोषित किया।

इसी बीच चर्चाएँ चलती रही कि सूरि-पद प्रदान पाटोत्सव कहाँ एवं कब आयोजित किया जावे। परम पूज्य संघ स्थविर शांत स्वभावी मुनिराजश्री शांतिविजयजी म. सा. ने माघ शुक्ला त्रयोदशी १५-२-८४ को श्री भांडवपुर तीर्थ जालोर की पावन भूमि पर पाटोत्सव के आयोजन का मुहूर्त्त प्रदान कर दिया आपश्री के मुहूर्त प्रदान कर देने से एवं स्थान की घोषणा हो जाने से श्रीसंघ में उत्साह की लहर व्याप्त हो गई पाटोत्सव की तैयारियाँ जोर शोर से होने लगी और अन्ततोगत्वा १५-२-८४ को पूज्य मुनिराज जयन्तविजयजी 'मधुकर' को विशाल भव्य समारोह में सूरि पद से अलंकृत किया गया और वे आचार्य श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरि हो गए।

इस आयोजन के लिए परम पूज्य संघ स्थविर शांत स्वभावी मुनिराजश्री शांतिविजयजी म. सा. नियमित रूप से प्रेरणा देते रहे। गुरु भक्तों में उत्साह का संचार करते रहे और मुनिराज श्री जयरत्नविजयजी म. सा. भी अपने गुरुदेव के कार्य को आगे बढ़ाने में सहयोग करते रहे। इ स प्रकार अहमदाबाद से भाण्डवपुर तक का यह सफर अनेक सौपानों को पार करता हुआ सफल हुआ।

(शाश्वत-धर्म सूरि पद पाटोत्सव विशेषांक से - सम्पादक)

॥ प्रभु-शासननायक-श्रीमद्दावीरस्वामिभ्यो नमः ॥

पू. गुरुदेवश्री शान्तिविजयजी म.सा. के वि. सं. २०३७ के चातुर्मास के लाभार्थी

मेंगलवा, उनड़ी, पांथेड़ी, कोमता, देता, सुराणा, तिलोड़ा, दादाल, जीवाणा इत्यादि गाँवों के श्रीसंघ की पानड़ी से सामूहिक चातुर्मास का आयोजन हुआ।

श्री सूरिपद प्रदान महोत्सव 2040 के लाभार्थी

1. मुनिमजी रो चढ़ावो
   शा. मनोहरलालजी वस्तीमलजी अंदाणी, सुराणा
2. तिलक द्वारा बहुमान रो चढ़ावो
   शा. धरु हालचन्दभाई खेमारभाई, थराद (मफतभाई)
3. माला द्वारा बहुमान रो चढ़ावो
   शा. ओपचन्दजी जवाजी ओस्तवाल, सायला
4. माघ सुद 6 सुबह की नवकारसी
   शा. धरु देवचन्दभाई तलकसीभाई पेपराल, थराद(गगलदास)
5. माघ सुद 6 शाम की नवकारसी
   शा. मुता सरेमलजी गोदाजी, सुराणा
6. माघ सुद 7 सुबह की नवकारसी
   शा. पुखराजजी कुम्बाजी फोलामुता, सायला
7. माघ सुद 7 शाम की नवकारसी
   शा. संघवी पारसमलजी सरेमलजी, रेवतड़ा
8. माघ सुद 8 सुबह की नवकारसी
   शा. संघवी वीरचन्दजी सरूपचन्दजी, थराद
9. माघ सुद 8 शाम की नवकारसी
   शा. संघवी पारसमलजी मानमलजी, दादाल
10. माघ सुद 9 सुबह की नवकारसी
    शा. दरजाजी ऊकचन्दजी हीराणी, रेवतड़ा

11. माघ सुद 9 शाम की नवकारसी
शा. मुथा मानमलजी मिश्रीमलजी, जीवाणा (नेमीचन्दजी)

12. माघ सुद 10 सुबह की नवकारसी
शा. श्री सौधर्मतपोगच्छ थराद नवयुवक मण्डल, अहमदाबाद (बसुभाई धरु)

13. माघ सुद 10 शाम की नवकारसी
शा. कबदी हेमराजजी पूनमचन्दजी, सायला

14. माघ सुद 11 सुबह की नवकारसी
शा. संघवी दलीचन्दजी मिश्रीमलजी, नेनावा

15. माघ सुद 11 शाम की नवकारसी
शा. जेठमलजी वगतावरमलजी बागरेचा, जीवाणा

16. माघ सुद 12 सुबह की नवकारसी
शा. आसुलालजी मदाजी पालरेचा, चोराऊ

17. माघ सुद 12 शाम की नवकारसी
शा. सुकनराजजी नेमीचन्दजी, कोशिलाव

18. माघ सुद 13 सुबह व शाम की नवकारसी
शा. काँकरिया मिश्रीमलजी मालाजी, सुराणा

19. माघ सुद 14 सुबह की नवकारसी
शा. मोरखिया कल्याणभाई लखमीचन्दजी लाखणी, थराद

20. माघ सुद 14 शाम की नवकारसी
शा. संघवी सुखराजजी भगाजी वेदमुथा, रेवतड़ा

21. पत्रिका में जयजिनेन्द्र रो चढ़ावो
शा. मनोहरलालजी वस्तीमलजी अंदाणी, सुराणा

22. आचार्य जयन्तसेनसूरिजी ने प्रथम चादर रो चढ़ावो
शा. केवलचन्दजी वस्तीमलजी, जालोर

23. आचार्य जयन्तसेनसूरिजी ने दुसरी चादर रो चढ़ावो
शा. मोहनलालजी साँकलचन्दजी, भैंसवाड़ा

24. आचार्य जयन्तसेनसूरिजी ने तीसरी चादर रो चढ़ावो
शा. पुखराजजी हस्तीमलजी, सायला

25. श्री विद्याचन्द्रसूरिजी मंत्र वासक्षेप रो चढ़ावो
शा. ओटमलजी वेलचन्दजी, सुराणा

26. पहली काम्बल सूरिजी ने ओडावारो चढ़ावो
शा. माँगीलालजी शेषमलजी रामाणी, गुडा बालोतान्

27. दूसरी काम्बल सूरिजी ने ओडावारो चढ़ावो
शा. मीठालालजी सरेमलजी, आहोर

28. तीसरी काम्बल सूरिजी ने ओडावारो चढ़ावो
शा. हटीचन्दभाई सतुरभाई, थराद

29. श्री शांतिविजयजी म.सा. ने चादर ओढ़ावारो चढ़ावो
शा. मिश्रीमलजी तेजराजजी वेदमुथा, नेनावा

30. प्रथम हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रो चढ़ावो
शा. भण्डारी जेठमलजी देवीचन्दजी, सुराणा

31. द्वितीय हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रो चढ़ावो
शा. विजयराजजी गेबचन्दजी संकलेचा, मेंगलवा

32. तृतीय हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रो चढ़ावो
शा. पुखराजजी प्रतापचन्दजी, (सरत वाला) गोल

33. चतुर्थ हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रो चढ़ावो
शा. बंदामुथा लालचन्दजी प्रतापचन्दजी, पांथेड़ी

34. पाँचवी बार हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रो चढ़ावो
शा. लालचन्दजी ऊकचन्दजी भंसाली, भीनमाल

35. सूरिजी म. सा. ने चोल पटो वहोरावा रो चढ़ावो
शा. कबदी माँगीलालजी रिखबचन्दजी,सायला

36. छठी बार हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रो चढ़ावो
शा. कबदी हेमराजजी पूनमचन्दजी, सायला

37. सातवी बार हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रो चढ़ावो
